जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 20 संख्याः 207 प्रभात जालोर, मंगलवार, 4 नवम्बर, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# सभी राजनीतिक ग्रुपों ने अपने-अपने महारथी प्रचारक चुनाव प्रचार में झोंक दिए

## प्रधानमंत्री मोदी ने सहरसा व कटिहार में रैलियों को संबोधित किया और कहा कि कांग्रेस कभी भी तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री नहीं बनने देगी

- तेजस्वी यादव ने फतुआ चुनाव रैली में अपना वादा दोहराया कि हर परिवार में से एक को सरकारी नौकरी दी जाएगी, अगर महागठबंधन ने सरकार बनाई।
- राहुल गांधी ने बेगूसराय में गंदे पानी में उतरकर मछुआरों से बात की।
- अमित शाह ने शियोहर और सीतामढ़ी में याद दिलाया कि कोसी नीची में प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ की रोकथाम के लिए योजना की क्रियान्विति शुरु हो गई है।
- योगी आदित्यनाथ की सभाओं में भारी भीड़ उमड़ी और उन्होंने कांग्रेस, आरजेडी की सरकारों की कानून व्यवस्था की स्थिति को लक्ष्य बनाया।
- खड़गे ने प्रश्न किया कि नरेन्द्र मोदी के ग्यारह साल और नीतीश के बीस साल के शासन में कितने रोजगार सृजित हुए।
- लालू यादव ने पटना में रोड शो किया तथा सपा नेता अखिलेश यादव ने भी महागठबंधन के समर्थन में आज प्रचार किया।

**- श्रीनंद झा -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। 6 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले बिहार की सियासत पूरी तरह गर्मा गई। राज्य भर में बड़े राजनीतिक दलों ने अपने-अपने स्टार प्रचारकों को मैदान में उतार दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहरसा और कटिहार में जनसभाओं को संबोधित करते हुए महागठबंधन को बेमेल पार्टियों का गठजोड़ बताया और कहा कि कांग्रेस कभी भी राजद के तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री नहीं बनने देगी। उन्होंने राजद पर पुराने भ्रष्टाचार के आरोपों की याद दिलाते हुए कहा, यही कारण है कि आज पार्टी के पोस्टरों में उसके पुराने नेता दिखाई नहीं देते।

दूसरी ओर, तेजस्वी यादव ने पटना के फतुहा में एक रैली को संबोधित किया और दोहराया कि अगर महागठबंधन की सरकार बनी तो हर परिवार को एक सरकारी नौकरी दी जाएगी। एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जयपुर की सुविधाओं पर हाई कोर्ट ने निगम आयुक्तों से जवाब मांगा

जयपुर, 3 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पार्किंग, सफाई सहित शहर की अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामले में, हैरिटेज और ग्रेटर नगर निगमों में आयुक्तों सहित अन्य जिम्मेदार अफसरों को 13 नवंबर को व्यक्तिशः पेश होने को कहा है। अदालत

- अदालत ने जेडीए तथा हाउसिंग बोर्ड से भी 13 नवम्बर तक हलफनामा पेश करने को कहा।

ने दोनों अफसरों से सड़क, पार्किंग और वेंडिंग जोन से संबंधित कार्यो से जुड़े रिकॉर्ड भी पेश करने को कहा है। अदालत ने ट्रैफिक मैनेजमेंट और पब्लिक यूटिलिटी के साथ-साथ, स्वच्छता के संबंध में गठित कमेटियों को लेकर भी जानकारी पेश करने को कहा है। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस बीएस संधू की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने जयपुर विकास प्राधिकरण के वकील अमित कुडी को कहा है कि वे इस संबंध में जेडीए के क्षेत्राधिकार को लेकर हलफनामा पेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रूस व चीन के प्रधानमंत्रियों ने डॉलर मुक्त करेंसी में आपसी व्यापार करने का निर्णय लिया

## मुख्य रूप से व्यापार चीनी करेंसी रेनमिन्बी में हुआ करेगा

- एक बार पहले भी यह प्रयास हुआ था तथा ब्रिक्स देश इस मुहिम में शामिल होने का मन बना रहे थे।
- पर, ट्रंप ने ब्रिक्स देशों पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी तथा ब्रिक्स देश पीछे हट गये थे।
- भारत भी चीन की करेंसी को डॉलर की जगह व्यापार की वैकल्पिक करेंसी स्वीकार करने को तैयार नहीं, क्योंकि चीन की सरकार अपनी करेंसी को कभी भी अपने मन के अनुसार घटा-बढ़ा देती है। इससे भारत को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है।
- रेनमिन्बी वैसे भी सौ प्रतिशत कन्वर्टिबल नहीं है। अतः अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए उपयुक्त नहीं है।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 नवंबर। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की नाराज़गी के बावजूद, चीन और रूस ने अपने आपसी व्यापार में अमेरिकी डॉलर के इस्तेमाल को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने एक नाटकीय बयान में कहा कि दोनों देशों के बीच डॉलर में होने वाला व्यापार "अब सांख्यिकीय त्रुटि" (स्टैटिस्टिकल एरर) जितना रह गया है।

रूस और चीन के बीच मजबूत आर्थिक संबंध बनाने के लिए रूसी प्रधानमंत्री चीन में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। वे रूस और चीन के बीच जनसंपर्क और आपसी सहयोग को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

इससे पहले ट्रंप ने उन देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की धमकी दी थी, जो अपने अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन में डॉलर के उपयोग से दूर जाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने विशेष रूप से ब्रिक्स देशों (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) को चेतावनी दी थी, जिन्होंने गैर-डॉलर व्यापार का विचार आगे बढ़ाया था।

इस धमकी ने ब्रिक्स के बढ़ते हुए सदस्य आधार में खलबली मचा दी थी, जिसमें बाद में कई उभरती अर्थव्यवस्थाएँ भी शामिल हुईं। ट्रंप पहले ही चीन पर कई व्यापारिक शुल्क लगा चुके थे, और उनकी नई धमकी ने कई देशों को डरा दिया था।

लेकिन अब, जबकि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, चीन ने खुले तौर पर रूस के साथ रुबल और रेनमिन्बी (चीनी मुद्रा) में व्यापार करने की पेशकश कर दी है, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि ट्रंप इस खुले विरोध पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। संभव है कि हमेशा की तरह वे चुपचाप अपनी धमकी को भुला दें और यह स्वीकार कर लें कि अब अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का बड़ा हिस्सा अन्य मुद्राओं में हो रहा है।

रूस और चीन की यह पहल निश्चित रूप से दुनिया के बाकी देशों को गैर-डॉलर व्यापार से परिचित कराएगी। रूसी प्रधानमंत्री ने चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से हांगझोउ शहर में मुलाकात की, जिसे चीन के सबसे सुंदर शहरों में गिना जाता है।

चीन की प्रशंसा करते हुए रूसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जयपुर में तेज रफ्तार डंपर ने 14 लोगों को कुचला

## हरमाड़ा में लोहा मंडी कट पर नशे में धुत्त चालक ने बाइक-कार सवारों को रौंदा

- जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया, दोपहर एक बजे डंपर लोहा मंडी से रोड नम्बर 14 होते हुए हाईवे की ओर जा रहा था कि चालक ने नियंत्रण खो दिया और 500 मीटर दूरी तक एक दर्जन से अधिक वाहनों को कुचलता हुआ एक दीवार से जा टकराया। हादसे में 14 लोगों की मौत हुई व 20 से अधिक घायल हुए

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 3 नवंबर। राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से 14 राहगीरों की मौत हो गयी, जबकि करीब 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शराब के नशे में धुत्त डंपर चालक ने लोहामंडी कट पर करीब 17-18 गाड़ियों को जोरदार टक्कर मारी। हादसा इतना भयावह था कि सड़क पर ही क्षत-विक्षत शव बिखर गए और मौके पर कोहराम मच गया। सीसीटीवी फुटेज में साफ नजर आया है कि ड्राइवर डंपर को तूफानी गति से दौड़ाते हुए राहगीरों और बाइक-कार सवारों को कुचलता हुआ आगे बढ़ा। इसके बाद वह एक कार पर पलट गया। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले डंपर चालक की किसी कार सवार से कहासुनी भी हुई थी।

जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि डंपर सोमवार दोपहर 1 बजे लोहा मंडी से रोड नंबर-14 होते हुए हाईवे की ओर जा रहा था। उसी दौरान, अचानक चालक ने डंपर पर नियंत्रण खो दिया और करीब 500 मीटर दूरी तक एक दर्जन से अधिक वाहनों को कुचलता हुआ एक दीवार से टकरा गया। डंपर द्वारा कुचले गए वाहनों में करीब 50 लोग सवार थे, जिनमें से 14 की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हैं।

चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने 14 लोगों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, उनका एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। दो घायल सीकेएस अस्पताल में भर्ती हैं और दो घायल कांवटिया अस्पताल में हैं। गंभीर रूप से घायल लोगों के इलाज की लगातार की निगरानी जा रही है। इस हादसे में गुजरात के भी दो लोगों की मौत हुई है। गुजरात का यह परिवार एक कार में सवार था। उनमें से दो की मौत हो गई, जबकि अन्य दो घायल हैं। ये लोग कार से खाटूश्यामजी दर्शन करने जा रहे थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अगस्त के बाद राजस्थान में 52 हजार कुत्तों की नसबंदी हुई

जयपुर, 3 नवंबर। आवारा कुत्तों के आमजन पर हमला करने से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान मामले में अदालती निर्देश के पालन में प्रदेश के मुख्य सचिव अदालत में पेश हुए तथा राज्य सरकार की ओर से हलफनामा पेश कर सुप्रीम

- राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा पेश किया गया।

कोर्ट को जानकारी दी गई, जिसे अदालत ने रिकॉर्ड पर ले लिया।

एएजी शर्मा ने बताया कि ग्रेटर जयपुर व जयपुर हेरिटेज नगर निगमों ने नसबंदी केन्द्र, भोजन क्षेत्र और सीसीटीवी वाले शेल्टर हाउस स्थापित किए हैं। वहीं जोधपुर नगर निगम ने सूरसागर क्षेत्र में 850 कुत्तों की क्षमता वाला शेल्टर हाउस स्थापित किया है, जहां पशु चिकित्सा सुविधाएं निरंतर उपलब्ध हैं। उदयपुर नगर निगम ने भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# फलोदी के सट्टा बाज़ार के अनुसार नीतीश मुख्यमंत्री बनकर पुनः लौटेंगे

## सट्टा बाज़ार के अनुसार, भाजपा 68 सीटें जीत सकती है और जदयू 54-56 सीटें प्राप्त कर सकती है

- अतः 128-134 सीटें जीतकर 240 सदस्यीय विधानसभा में एनडीए गठबंधन सरकार बनाएगा।
- सटोरिओं के अनुसार, महागठबंधन को 93-99 सीटें मिल सकती हैं, जिसमें आरजेडी को 69-71 सीटें मिलने की संभावना है।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 नवंबर। राजस्थान के जोधपुर जिले के फलोदी कस्बे के सट्टा बाजार में यह अटकलें तेज हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए बिहार विधानसभा चुनाव में वापसी कर सकती है। सट्टेबाजों के अनुसार, एनडीए को 243 सदस्यीय विधानसभा में 128 से 134 सीटें मिलने की संभावना है।

सट्टा बाजार के अनुसार, भाजपा को 66 से 68 और जनता दल (यूनाइटेड) को 54 से 56 सीटें मिल सकती हैं, जबकि दोनों पार्टियाँ 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। सरकार बनाने के लिए कुल 122 सीटों की आवश्यकता है।

फलोदी के सटोरिए महागठबंधन को 93 से 99 सीटें दे रहे हैं, जिनमें से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को 69 से 71 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। राजद कुल 143 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है।

सट्टा बाजार में नीतीश कुमार सबसे आगे हैं। उनका रेट 40 से 45 पैसे के बीच चल रहा है, जिसका मतलब है कि उनके फिर से मुख्यमंत्री बनने की संभावना सबसे अधिक मानी जा रही है। किसी उम्मीदवार का भाव जितना कम होता है, सटोरिए उसके जीतने की संभावना को उतना ही पक्का मानते हैं। इसलिए वो उस पर ज्यादा दांव नहीं लगाते, क्योंकि कम भाव वाले उम्मीदवार पर सट्टा लगाने से कम मुनाफा होता है। उदाहरण के तौर पर, यदि किसी ने नीतीश कुमार पर 45 पैसे के रेट से दांव लगाया है, तो हर 100 रुपये पर उसे 45 रुपये का लाभ होगा।

हालांकि सट्टा बाजार अवैध है, लेकिन मारवाड़ क्षेत्र का फलोदी बाजार चुनावों के साथ-साथ क्रिकेट, मौसम, शेयर बाजार की ऊँच-नीच और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय घटनाओं पर भी दांव लगाने के लिए मशहूर है। दिल्ली के पिछले विधानसभा चुनावों में भी फालोदी सट्टा बाजार ने 15 साल बाद भाजपा की जीत का अनुमान लगाया था, जब आम आदमी पार्टी सत्ता में थी।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी की पत्नी का निधन



इंदिरा देवनानी

जयपुर/अजमेर, 3 नवम्बर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से विधायक वासुदेव देवनानी की धर्मपत्नी इंदिरा देवनानी का सोमवार को निधन हो गया।

जानकारी के अनुसार, 74 वर्षीय इंदिरा देवनानी कुछ दिनों पहले अजमेर स्थित अपने निवास पर अचानक बेहोश

- अंतिम संस्कार कल अजमेर में होगा।

हो गई थीं। उन्हें तुरंत जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने सोमवार को अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर जयपुर स्थित एसएमएस अस्पताल से सिविल लाइंस स्थित राजकीय निवास पर ले जाया गया। मंगलवार सुबह 6 बजे पार्थिव देह को जयपुर से अजमेर के लिए रवाना किया जाएगा। अजमेर स्थित निवास से प्रातः 10.30 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकलेगी, जिसके बाद ऋषि घाटी श्मशान में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निवास स्थान पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# छात्रसंघ चुनाव की याचिका पर सुनवाई 10 नवम्बर को

जयपुर, 3 नवंबर। राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव को लेकर दायर याचिका में राज्य सरकार ने प्रारंभिक सवाल उठाए हैं। वहीं, अदालत ने मामले में दस नवंबर तक सुनवाई टाल दी है। जस्टिस समीर जैन की

- राज्य सरकार ने याचिका पर कई प्रारंभिक सवाल उठाये।

एकलपीठ ने ये आदेश जय राव व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद अदालत में पेश हुए। उनकी ओर से याचिका दायर करने पर आपत्ति उठाते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ता ने सीधे ही हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जबकि इसके लिए पहले डीन, स्टूडेंट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मोदी के पटना के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी, पटना सदा से भाजपा का गढ़ रहा है

## रोड शो में नीतीश कुमार की अनुपस्थिति ने विपक्ष को भारी मौका दे दिया, एनडीए पर आक्रमण करने का

- तेजस्वी यादव, कन्हैया कुमार, आरजेडी नेता मीसा भारती आदि ने कहा, भाजपा को नीतीश की आवश्यकता नहीं है, वो केवल उनका वोट बैंक लूटना चाहते हैं।
- भाजपा बार-बार स्पष्टीकरण देती रही कि यह पहले से ही तय था कि नीतीश दो तारीख की रात को पटना नहीं आएंगे, बल्कि अपना चुनाव प्रचार कार्यक्रम अगले दिन मधेपुरा से जारी रखेंगे।
- भाजपा का यह भी कहना है कि नीतीश कुमार का रोड शो में न होना एक शैड्यूल का कारण है, कोई राजनीतिक विरोध नहीं।

**- डॉ. सतीश मिश्रा -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। राज्य की राजधानी पटना में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गैरमौजूदगी ने सभी को चौंका दिया है। विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग में अब केवल चार दिन बचे हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री का इस कार्यक्रम से नदारद रहना कई सवाल खड़े कर रहा है। रोड शो में नीतीश की अनुपस्थिति से विपक्ष को भाजपा पर यह आरोप लगाने का अवसर मिल गया है कि वह मौजूदा मुख्यमंत्री के साथ राजनीतिक खेल खेल रही है।

मोदी ने भोजपुर और नवादा जिलों में लगातार दो जनसभाएँ कीं और उनके बाद पटना में एक विशाल रोड शो किया। लेकिन इन कार्यक्रमों में नीतीश कुमार की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बन गई।

पटना, जो दशकों से भाजपा का गढ़ रहा है, वहाँ प्रधानमंत्री का रोड शो भारी भीड़ को आकर्षित करने में सफल रहा। बाद में मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए पटना की जनता को उसके "प्यार और आशीर्वाद" के लिए धन्यवाद दिया।

विपक्ष ने तुरंत मुख्यमंत्री और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार की अनुपस्थिति को मुद्दा बना लिया। प्रधानमंत्री के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और केन्द्रीय मंत्री व जदयू नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह मौजूद थे।

राजद नेता और विपक्ष की ओर से मुख्यमंत्री पद के दावेदार तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि उन्हें नीतीश कुमार की अनुपस्थिति पर कोई आश्चर्य नहीं है, उन्होंने कहा कि जाहिर है, जे डी यू का मुख्यमंत्री बनाने का भाजपा का कोई विचार नहीं है।

तेजस्वी ने मीडिया से कहा, "सबको पता है कि भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी।"

तेजस्वी यादव पहले भी कई बार यह कह चुके हैं कि एनडीए जानबूझकर मुख्यमंत्री नीतीश को हाशिए पर डाल रहा है। उन्होंने पहले यह भी कहा था कि मुख्यमंत्री को शायद एनडीए के घोषणापत्र की "जानकारी तक नहीं है।"

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि उन्होंने और कांग्रेस पार्टी ने पहले ही भाजपा-जदयू गठबंधन में मतभेदों की ओर इशारा किया था।

कन्हैया ने कहा, "उन्होंने 2020 में चिराग पासवान के जरिए भी यही कोशिश की थी, पर योजना सफल नहीं हुई। अब वे दोबारा वही कर रहे हैं।"

कन्हैया के अनुसार, भाजपा ने बिहार में अपनी उस रणनीति में बदलाव किया है, जो उन्होंने महाराष्ट्र में शिव सेना को तोड़ने के लिए अपनाई थी।

उन्होंने कहा, "महाराष्ट्र में उन्होंने पहले एकनाथ शिंदे को अपने कब्जे में लिया और फिर शिवसेना को तोड़ा। बिहार में उन्होंने जदयू को अपने कब्जे में लिया है और अब उसी के जरिए नीतीश कुमार को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। हर चीज भाजपा-जदयू खेमे की बेचैनी की ओर इशारा कर रही है। लेकिन मीडिया का ध्यान अभी भी महागठबंधन पर ही है।"

कन्हैया ने कहा कि भाजपा और जदयू के बीच मतभेदों के संकेत तो चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से पहले ही मिलने लगे थे। उन्होंने कहा, "अमित शाह ने कहा था कि चुनाव परिणामों के बाद विधायक ही अपना नेता चुनेंगे। भाजपा और जदयू ने अभी तक सीट बंटवारे को सार्वजनिक नहीं किया है। हाल ही में प्रधानमंत्री ने कह ही दिया है कि बिहार का असली विकास तभी शुरू होगा जब एनडीए का खुद का मुख्यमंत्री होगा।"

राजद नेता मीसा भारती ने कहा कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK CMYK

## विचार बिन्दु

**अज्ञानी होना मनुष्य का असाधारण अधिकार नहीं है बल्कि स्वयं को अज्ञानी जानना ही उसका विशेषाधिकार है। –राधाकृष्णन**

# जवाबदेही के बिना सुशासन संभव नहीं

वैसे तो सुशासन के संबंध में कई विशेषज्ञों ने शोध किया है और विभिन्न प्रकार के सुझाव भी समय-समय पर दिए हैं, किंतु सबसे बड़ी समस्या जो सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है, वह है जवाबदेही का नितांत अभाव। जिस प्रकार की घटनाएं निरंतर देश में घटित हो रही हैं, उनको देखकर तो यही लगता है कि जिन व्यक्तियों की अकर्मण्यता या भ्रष्टाचार के कारण करोड़ों-अरबों का नुकसान सरकार को होता है या जिनके कारण लोगों की जान तक चली जाती है, उनके ऊपर न तो किसी तरह की कोई कार्रवाई होती है न उन्हें सजा मिलती है। हाल ही की कुछ घटनाओं के उदाहरण देना उपयुक्त होगा।

भारत में 8000 विद्यालय ऐसे हैं जिनमें एक भी बालक का नामांकन नहीं है, किंतु वहां पर 20000 शिक्षक पद स्थापित हैं। स्वाभाविक है, इनके पास कोई काम नहीं है। यदि एक शिक्षक का औसत वेतन 40000 महीना भी मान लें (वैसे तो यह इससे कहीं अधिक है) तो भी प्रति माह सरकार को लगभग 80 करोड रुपए का चूना लग रहा है। यदि एक साल इसी प्रकार निकल जाए तो पैसे की बर्बादी, लगभग 1000 करोड़ की होती है। यह दुरुपयोग किसी को दिखता नहीं है, इसलिए जिम्मेदारी भी तय नहीं होती। एक ओर जहां लाखों विद्यालयों में शून्य या एक-एक शिक्षक पद स्थापित है, वहीं बिना विद्यार्थियों के शिक्षकों का पदस्थापन अक्षम्य अपराध होना चाहिए, जिसके लिए जिम्मेदार को कठोर दंड दिया जाना चाहिए। किंतु, ऐसा होता नहीं है ।

जयपुर में लंबे-लंबे बीआरटीएस कॉरिडोर बनाए गए, जिन पर करोड़ों का खर्च किया गया। कई वर्षों तक इनके कारण सड़कों की चौड़ाई कम हुई और ये कॉरिडोर कभी काम भी नहीं आए। बाद में इन्हें तोड़ने का निर्णय लिया गया। जिन अधिकारियों ने बीआरटीएस बनाने का निर्णय लिया क्या उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए?

अजमेरी गेट के लगभग तीस साल पहले बनाए गए पैदल भूमिगत पथ (pedestrian subway) के खराब अनुभव के बावजूद इसी प्रकार का एक सब वे जवाहर सर्किल के नीचे भी बनाया गया है। यहां केवल मलमूत्र और गंदगी पड़ी रहती है और आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। इसके निर्माण के समय कई महीनों तक सड़क को अवरूद्ध किया गया तथा लाखों रुपए इस पर खर्च हुए।

क्या जेडीए के उन अधिकारियों से यह पैसा वसूल नहीं किया जाना चाहिए जिन्होंने इस प्रकार के सबवे को बनाने की स्वीकृति दी? सामान्यतया राजनीतिज्ञों को दोष दिया जाता है किंतु जो लोग तकनीकी रूप से शिक्षा प्राप्त हैं और विशेषज्ञ हैं वे इस प्रकार का कार्य करने में क्यों सहयोगी बन जाते हैं, यह विचारणीय है ।

यही हाल पूरे जयपुर शहर में बने फुट ओवरब्रिज का है। उदाहरण के लिए कलेक्टरेट बनीपार्क सर्किल, नारायण सिंह सर्किल और लक्ष्मीमंदिर तिराहे पर बड़े, ऊंचे पैदल ओवरब्रिज बनाए गए जिन पर करोड़ों रुपए खर्च हुए। इन्हें बने सालों हो गए किंतु इनका उपयोग नगण्य है।

रोड अंडरपास या सबवे की हालत तो और भी खराब है। अजमेरी गेट पर सबवे लगभग तीस वर्ष पूर्व बनाया गया किंतु आज तक काम नहीं आया। यहां लाइट बंद रहती है, इसके कारण यह आसामाजिक तत्वों का अड्डा बन कर रह गया है। अब अगर कोई चाहे तो वहां की गंदगी और आवारा लोगों के बीच में किसी का भी निकलना असंभव है।

डी ओ आई टी में हजारों एटीएम, डिजिटल पेमेंट मशीन, स्कैनर आदि खरीदे गए किंतु बिना किसी उपयोग के ये वैसे ही पड़े पड़े कबाड़ हो गए । इनका कोई उपयोग नहीं हुआ। इस कारण लगभग 2000 करोड़ से अधिक की बर्बादी हो गई। यह वही पैसा है जो देश के प्रत्येक नागरिक से, यहां तक कि गरीबों से भी किसी न किसी टैक्स के रूप में वसूल किया जाता है। क्या सरकारी धन का इस प्रकार दुरुपयोग होने पर किसी जिम्मेदार अधिकारी को दंड का भागी नहीं बनना चाहिए? किसी को ऐसा दंड नहीं मिलता है तो इसका केवल एक ही कारण है, किसी की जवाबदेही निश्चित नहीं की गई। क्या जवाबदेही तय नहीं करने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए?

> **सरकारी धन का जिस प्रकार से निर्दयतापूर्वक दुरुपयोग किया जा रहा है उसको देखकर तो यही कहावत याद आती है, ''मुफ्त का चंदन घिस मेरे नंदन ''। यदि सरकारी धन के दुरुपयोग की वसूली संबंधित अधिकारियों से होगी तो इस प्रकार की प्रवृत्ति पर भविष्य में रोक अवश्य लगेगी। आवश्यकता केवल इच्छा शक्ति की है। यदि सरकारी धन का इसी प्रकार दुरुपयोग होता रहा तो जनता संभव है, टैक्स देना ही बंद कर दे, जैसा कि गांधी जी ने अंग्रेजों के जमाने में असहयोग आंदोलन के दौरान किया था।**

राज्य की अधिकतर महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ गरीबों को नहीं मिल पा रहा है। इस कारण जहां एक ओर सरकार की बदनामी होती है, वहीं गरीब लोग इलाज प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। सरकारी खरीद की दवा पीकर बच्चे मर गए किंतु किसी को दंड नहीं मिला। ऐसा प्रक्रिया में जटिलता के कारण और अधिकारियों की लापरवाही के कारण हो रहा है। किसी के विरुद्ध जिम्मेदारी निर्धारित नहीं होगी तो लोग क्यों अपनी जिम्मेदारी समझ कर जनता के हित में काम करने की कोशिश करेंगे?

कुछ दिनों में ही कई बसों में आग लगने से अनेक लोग जलकर मर गए। एक ए सी बस में आपातकालीन निकास के दरवाजे को बंद कर रखा था जिसके कारण आग लगने पर लोग बाहर निकल ही नहीं पाए। इस बस दुर्घटना में 21 लोगों की जान जलने से चली गई और कई झुलस गए। इनकी गलती केवल इतनी थी कि उन्होंने सरकारी सिस्टम पर भरोसा किया कि बसों की सुरक्षा संबंधित जांच के बाद ही उन्हें सड़क पर चलने की अनुमति दी गई होगी। वे यह भूल गए कि सरकार में जवाब देही के अभाव में किसी की कोई जिम्मेदारी तय नहीं होती। केवल कुछ छोटे अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया जाएगा और वे भी कुछ दिनों बाद पुनः पूरी वेतन के साथ नौकरी में आ जाएंगे। किसी को जेल भेजा गया हो अथवा उनकी सेवा तत्काल समाप्त कर दी गई हो, ऐसी कोई जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है।

एक और बस में आग इसलिए लग गई कि वहां बस के ऊपर भरे हुए गैस सिलेंडर और मोटर साइकिल रखी हुई थी । इस कारण बस की ऊंचाई निर्धारित सीमा से अधिक हो गई। जैसे ही बस करंट वाले बिजली के तारों के संपर्क में आई, उसमें आग लग गई और वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई । इसमें भी दो व्यक्तियों की मौत हो गई। इस दुर्घटना का एक कारण यह भी था कि बिजली के तार जितने ऊंचे होने चाहिए थे, वे लटक कर नीचे आ गए थे और बस में रखे सिलेंडरों के संपर्क में आने से सिलेंडर में विस्फोट हो गया । प्रतिदिन इस प्रकार के वाहन चलते हैं, किंतु शायद विभाग के अधिकारियों को दिखाई नहीं देते हैं या उनकी आंखों पर रिश्वत की पट्टी बंधी होने के कारण उन्हें कुछ दिखाई नहीं देता है। जिन व्यक्तियों के ऊपर अधीनस्थ अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की जिम्मेदारी है, वे स्वयं ही अपने कर्तव्य को भूल कर उनसे मंथली वसूल करने लगें तो सजा कौन देगा? कानून तो इतने कड़े हैं कि शोरूम से निकली नई बस का भी फिटनेस सर्टिफिकेट रोका जा सकता है। किंतु चलती बसों की फिटनेस केवल कागज़ों में ही होती है।

उच्च नैतिकता का एक उदाहरण तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने प्रस्तुत किया था। एक रेल दुर्घटना होने पर रेल मंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था । बार-बार हो रहे बड़े हादसों के बावजूद न तो परिवहन मंत्री ने अब तक कोई जिम्मेदारी ली न किसी उच्च अधिकारी की जवाबदेही निर्धारित की गई।

सड़कें बनने के कुछ ही समय बाद उनमें गड्ढे पड़ जाना, पुल बनने के बाद पहली बारिश में टूट जाना, स्कूल की छत गिरने से बच्चों का मर जाना, किसी स्थान पर भीड़ के कारण भगदड़ में मर जाना, ऐसी घटनाएं हैं जो टाली जा सकती हैं, यदि जवाबदेही निर्धारण करने का काम सख्ती से हो। नदियों में बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था या लाइफ जैकेट के, नावें चलने देने के कारण कई लोग मर जाते हैं किन्तु इसके लिए जिम्मेदार के विरुद्ध कभी कोई कार्रवाई नहीं होती।

बिना लाइसेंस के पटाखे की बिक्री करना कानूनन अपराध है, किंतु अधिकांश पटाख़ों की दुकानें बिना लाइसेंस के अनाधिकृत चल रही हैं। जहां लाइसेंस मिल भी जाता है तो वह भी सुरक्षा की पूरी जांच के बिना केवल कुछ राशि लेकर दे दिया है। इससे उस क्षेत्र के लोगों की जान को कितना खतरा होता है इसकी किसी को परवाह नहीं है।

सरकारी धन का जिस प्रकार से निर्दयतापूर्वक दुरुपयोग किया जा रहा है उसको देखकर तो यही कहावत याद आती है, ''**मुफ्त का चंदन घिस मेरे नंदन** ''।

लगभग यही स्थिति न्यायालयों की भी है । कई सालों तक जेल में रहने के बाद अभियुक्त को दोष मुक्त करके बरी कर दिया जाता है। ऐसे उदाहरण हैं, जहां झूठे मुकदमों में लोगों को फंसा कर सालों तक जेल में रखा गया और बाद में बिना किसी सबूत के उन्हें छोड़ना पड़ा। ऐसे किसी प्रकरण में किसी पुलिस अधिकारी पर कोई सजा हुई हो या किसी अधीनस्थ न्यायाधीश द्वारा गलत निर्णय देने के कारण उन पर कोई कार्रवाई हुई हो, यह ज्ञात नहीं है । जब किसी की जवाबदेही होगी ही नहीं तो फिर लोग जिम्मेदारी के साथ काम क्यों करेंगे? यही कारण है कि इस प्रकार के घटनाएं और जनता की जान के साथ खिलवाड़ निरंतर चलता रहता है।

यदि सरकारी धन के दुरुपयोग की वसूली संबंधित अधिकारियों से होगी तो इस प्रकार की प्रवृत्ति पर भविष्य में रोक अवश्य लगेगी। आवश्यकता केवल इच्छा शक्ति की है। यदि सरकारी धन का इसी प्रकार दुरुपयोग होता रहा तो जनता संभव है, टैक्स देना ही बंद कर दे, जैसा कि गांधी जी ने अंग्रेजों के जमाने में असहयोग आंदोलन के दौरान किया था। लोगों को लगेगा कि उनके पैसे का उनके हित में सही तरह से उपयोग नहीं हो रहा है तो वे टैक्स क्यों दें? आशा की जानी चाहिए कि ऐसे स्थिति होने से पूर्व सरकार चेते और लापरवाही, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु जवाबदेही सुनिश्चित करे। अंत में यही कह सकते हैं कि सुशासन का मूल मंत्र ही जवाबदेही है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# एक भी पात्र का नाम न छूटे, न ही अपात्र वोट दे पाए, यही लोकतंत्र है

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2026
## चार नवंबर से चार दिसंबर तक चलेगा गणना प्रपत्र भरवाने का चरण



डॉ. बनवारी लाल यादव

मंगलवार से बीएलओ आपके घर आएंगे, इन्हें सही जानकारी दें ताकि राज्य में एक भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे, किसी भी घुसपैठिये का नाम सूची में हो तो कट जाए, इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए चुनाव आयोग देशभर में मतदाता सूचियों का एसआईआर करवा रहा है। बिहार से इसकी शुरुआत हो चुकी है।

राजस्थान सहित 12 राज्यों में मंगलवार से विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर सर्वेक्षण का काम शुरू करेंगे। 4 नवबंर से 4 दिसंबर तक की यह अवधि काफी अहम है क्योंकि इसमें राज्य के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर उनसे 2 प्रतियों में गणना प्रपत्र भरवाएंगे जिसमें से एक प्रति रसीद के तौर पर मतदाता के पास ही रहेगी।

प्रदेश में वर्ष 2025 की वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार 5 करोड़ 48 लाख 84 हजार 827 मतदाता हैं। इसमें 2.84 करोड़ पुरूष, 2.65 करोड़ महिला और 681 अन्य मतदाता हैं। इनकी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा गणना प्रपत्र भरवाकर जांच की जानी है।

**क्या है गणना प्रपत्र-**

भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्र काफी आसान बना दिया है। अब यह एक ही पृष्ठ का है और उसमें भी मतदाता से संबंधित सूचनाएं जैसे- नाम, ईपिक नंबर, पता एवं वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार भाग एवम क्रमांक संख्या पहले से ही भरी हुई आ रही हैं। साथ ही मतदाता की फोटो भी गणना प्रपत्र पर छपी हुई है।

बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे और उसे भरने में सहायता भी करेंगे। प्रपत्र में मतदाता को जन्म तिथि, आधार संख्या (वैकल्पिक), पिता या अभिभावक का नाम व ईपिक नंबर (वैकल्पिक), माता का नाम व ईपिक नंबर (वैकल्पिक), मोबाइल नंबर जैसी मूल जानकारियां भरनी होंगी। इसके साथ ही एक नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो चिपकानी होगी।

- **एसआईआर का फॉर्म भरना होगा आसान, बीएलओ घर-घर पहुंचाएंगे प्रपत्र : मुख्य निर्वाचन अधिकारी**

गणना प्रपत्र में ही विगत एसआईआर की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की सूचनाएं लेकर भरी जानी है जिन मतदाताओं का स्वयं का नाम विगत एसआईआर में शामिल नहीं है किंतु उनके रिश्तेदार जैसे माता-पिता/ दादा-दादी / नाना-नानी आदि का नाम शामिल है तो गणना प्रपत्र में उक्त रिश्तेदार का विवरण भरा जाकर मैपिंग की जाएगी।

**वर्तमान मतदाताओं की विगत एसआईआर मतदाता सूची के साथ मैपिंग जारी**

सभी राज्यों की मतदाता सूचियां अपलोड कर दी गयी है। साथ ही यह लिंक मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है। विगत एसआईआर की मतदाता सूची में अगर किसी वर्तमान मतदाता के माता-पिता/ दादा-दादी / नाना-नानी आदि का नाम शामिल है तो सटीक और सत्यापित पारिवारिक संबंध के माध्यम से वंशावली मानचित्रण (मैपिंग) की जा रही है। जिससे अधिकांश मतदाताओं से किसी भी प्रकार के दस्तावेज लेने की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। राज्य में 40 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या लगभग 2.61 करोड़ है, जिसमें से 83 प्रतिशत की मैपिंग की जा चुकी है। वहीं 2.88 करोड़ मतदाता 40 वर्ष से कम आयु के हैं इनकी भी अब तक 50 प्रतिशत मैपिंग का कार्य किया जा चुका है। अब तक कुल 65.3 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग का कार्य बीएलओ ऐप पर भी किया जा चुका है। गणना चरण के दौरान यह मैपिंग और अधिक हो जाएगी।

**क्या करेंगे बीएलओ?**

– घर-घर जाकर आंशिक रूप से भरे गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म ) की दो प्रतियां आपको देंगे।

– विगत एसआईआर की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की सूचनाएं लेकर मैपिंग में मतदाता की सहायता करेंगे। समस्त राज्यों की विगत एसआईआर की मतदाता सूची भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट या मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पोर्टल पर उपलब्ध है।

– आपके द्वारा भरे हुए गणना प्रपत्र को एकत्रित करेंगे और उसे ऐप पर अपलोड करेंगे।

**क्या करेंगे आप?**

– विगत एसआईआर की मतदाता सूची से मैपिंग हेतु आवश्यक सूचनाएं बीएलओ को उपलब्ध करावें।

– गणना प्रपत्र की दोनों प्रतियों को भरें

– भरे हुए गणना प्रपत्र को जमा करावें एवं 1 प्रति रसीद के रूप में अपने पास रखें।

चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए वॉलंटियर एवं हेल्प की सुविधा।

4 दिसंबर से पहले अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा करावे, ताकि आसानी से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें। इस अवधि के बाद भी आप अपना नाम दर्ज करा पाएंगे, इसके लिए आपको अतिरिक्त फॉर्म 6, घोषणा पत्र (घोषणा प्रपत्र ) के साथ भरना होगा।

**बीएलओ एडवायजरी :-** निर्वाचन विभाग राजस्थान ने सभी बीएलओ के लिए एडवाइजरी जारी की है, जिसमें मुख्य एसआईआर के कार्य के दौरान आईडी कार्ड पहनने, कार्य का समयबद्ध निष्पादन करने, दैनिक प्रगति का अभिलेखन बीएलओ सारांश शीट में करने, मैपिंग में सहायता करने, बूथ लेवल एजेंटों के साथ समन्वय बनाने, आईटी हेल्प डेस्क एवं ईआरओ से आवश्यकता पड़ने पर परामर्श लेने से संबंधित बिंदु है।

राज्य के मतदाताओं से अपेक्षा है कि 4 दिसंबर तक अपना गणना प्रपत्र नवीनतम फोटो एवं सूचनाओं के साथ अपने बीएलओ को दें। शीघ्र ही इसके लिए ऑनलाइन व्यवस्था प्रारंभ होने जा रही है।

**डॉ. बनवारी लाल यादव**
**जनसंपर्क अधिकारी,**
**निर्वाचन विभाग, राजस्थान**

# एक कुलपति का सफर : पद की गरिमा और सेवानिवृत्ति की कसक



अशोक कुमार

जब कोई व्यक्ति कुलपति बनता है, तो समाज और अकादमिक जगत में उसे एक विशेष पहचान मिलती है। उनके फैसलों का सीधा असर हजारों छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के जीवन पर पड़ता है। इस पद पर रहते हुए उन्हें विशेष सम्मान, प्रोटोकॉल और सुविधाएँ मिलती हैं, जो उनके प्रभाव और कद को दर्शाती हैं। वे विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिससे उनका व्यक्तिगत और व्यावसायिक सम्मान कई गुना बढ़ जाता है। यह अवधि उनके जीवन की सबसे प्रतिष्ठित और संतोषजनक अवधि में से एक हो सकती है, जहाँ वे अपने अनुभवों और दृष्टिकोण से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

**कार्यकाल की चुनौतियाँ और दबाव :-**सम्मान के साथ-साथ कुलपति के कार्यकाल में अनेक चुनौतियाँ भी आती हैं। उन्हें अकादमिक उत्कृष्टता बनाए रखने, वित्तीय प्रबंधन, अनुसंधान को बढ़ावा देने, छात्रों और कर्मचारियों के मुद्दों को हल करने, और विभिन्न हितधारकों (सरकार, नियामक निकाय, पूर्व छात्र) के साथ संबंधों को संतुलित करने जैसे कई मोर्चों पर काम करना होता है। राजनीतिक दबाव, बजटीय सीमाएँ, और कभी-कभी संस्थान के भीतर ही आंतरिक विरोध का सामना करना भी उनकी जिम्मेदारी का हिस्सा होता है। यह पद चौबीसों घंटे की मांग करता है, जहाँ उन्हें व्यक्तिगत जीवन को भी नजरअंदाज करना पड़ता है।

प्रत्येक कुलपति अपने कार्यकाल के अंतिम क्षणों में हमेशा एक विचार रखता है कि उसका कार्यकाल बढ़ जाए और इस कारण से विरोधी दल जो कि कुलपति के कार्य से खुश नहीं होते या जो स्वयं कुलपति बनना चाहते हैं, जो पहले कुलपति नहीं बने , तब किसी भी कुलपति के लिए अंतिम समय बहुत ही विरोधाभास रहता है और जितनी शिकायतें हैं उसकी पूरे कार्यकाल में नहीं होती वह सारी शिकायत कुलपति के कार्यकाल के अंतिम पड़ाव में होती हैं जिससे कुलपति को दूसरा अवसर न मिले!

एक विचित्र बात यह भी है कि कुलपति की नियुक्ति एक संवैधानिक नियुक्ति होती है, लेकिन कार्यकाल के अंतिम तीन महीनों में यह आदेश मिलता है कि कुलपति किसी भी प्रकार के वित्तीय, शैक्षिणक नियुक्ति आदि नहीं कर सकते। मेरे विचार से कुलपति को अपने कार्यकाल के अंतिम दिवस तक पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करते रहना चाहिए। शिक्षक और शिक्षण संस्था के उत्थान के लिए, उसकी प्रगति के लिए अंतिम दिवस तक कार्य करते रहना चाहिए।

**सेवानिवृत्त कुलपति की मानसिकता :-**एक सेवानिवृत्त कुलपति की मानसिकता कई कारकों पर निर्भर करती है, जैसे उनके व्यक्तित्व, कार्यकाल के अनुभव, सेवानिवृत्ति की तैयारी और व्यक्तिगत परिस्थितियों पर। हालाँकि, कुछ सामान्य भावनाएँ और विचार उनमें देखे जा सकते हैं। कई सेवानिवृत्त कुलपति अपने कार्यकाल के दौरान किए गए योगदानों और उपलब्धियों पर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने एक विश्वविद्यालय का नेतृत्व किया होता है, अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया होता है, और छात्रों व संकाय के जीवन को प्रभावित किया होता है। यह भावना उन्हें संतुष्टि और पूर्णता का अनुभव कराती है। जब कोई व्यक्ति उच्च पद (जैसे कुलपति का पद) से अपने मूल संस्थान में वापस आता है और सम्मान तथा सुविधाओं से वंचित होता है, तो उसे कई तरह की नकारात्मक भावनाएं महसूस हो सकती हैं : निराशा और हताशा। कई कुलपति सेवानिवृत्त होने के बाद अपने संस्थान में वापस नहीं जाते क्योंकि वे अपने संस्थान से भी सेवानिवृत्त हो जाते हैं और अपने विशाल अनुभव और ज्ञान को समाज हित में प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं। ऐसा करने के कई तरीके हैं और इसके पीछे कई प्रेरणाएँ होती हैं:

**प्रेरणाएँ** -समाज को लौटाना: लंबे समय तक शिक्षा और प्रशासन के क्षेत्र में रहने के बाद, बहुत से कुलपतियों में यह भावना होती है कि उन्होंने समाज से बहुत कुछ पाया है। वे अपने ज्ञान और अनुभवों को साझा करके समाज के विकास में योगदान देना चाहते हैं। अनुभवों का सदुपयोग: कुलपति का पद एक अद्वितीय दृष्टिकोण और अनुभव प्रदान करता है। सेवानिवृत्ति के बाद इस अनुभव को व्यर्थ नहीं जाने देना चाहते। वे इसे नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक के रूप में उपयोग करना चाहते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आजीवन काम करने के बाद भी उनका जुनून बरकरार रहता है। वे सक्रिय रूप से शिक्षा के सुधार, नीतियों के निर्माण और युवाओं के मार्गदर्शन में अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि उनका अनुभव और सीख आने वाली पीढ़ियों के लिए एक विरासत बने। वे अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से समाज में एक स्थायी प्रभाव छोड़ना चाहते हैं।

समाज हित में योगदान के तरीके

वे अपनी आत्मकथाएँ, संस्मरण, अकादमिक लेख या नीतिगत पुस्तकें लिख सकते हैं। वे विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों, सार्वजनिक मंचों या सम्मेलनों में व्याख्यान दे सकते हैं। कई कुलपति विभिन्न सरकारी समितियों, शैक्षिणक परिषदों, या गैर-लाभकारी संगठनों के लिए सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं। वे अपनी विशेषज्ञता का उपयोग नीति-निर्माण और संस्थागत विकास में मदद करने के लिए करते हैं। वे युवा शिक्षाविदों, प्रशासकों या छात्रों को सलाह और मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं। कुछ कुलपति सामाजिक विकास के लिए स्वयंसेवी संगठनों से जुड़ते हैं या अपनी खुद की पहल शुरू करते हैं। वे शिक्षा के प्रसार, ग्राामीण विकास, स्वास्थ्य या पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में काम कर सकते हैं। वे समाचार पत्रों, टीवी चैनलों या ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर लेख या साक्षात्कार के माध्यम से शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर अपने विचार साझा कर सकते हैं, जिससे जन जागरूकता बढ़ती है। यह प्रवृत्ति समाज के लिए बहुत लाभदायक है, क्योंकि यह अनुभव, ज्ञान और नेतृत्व को एक नए रूप में प्रस्तुत करती है, जिससे शिक्षा प्रणाली और व्यापक समाज दोनों को फायदा होता है।

**पद-आधारित सम्मान की कड़वी सच्चाई :** यह बात कुछ हद तक सच है कि हमारा समाज अक्सर पद और सत्ता में बैठे व्यक्ति को अधिक सम्मान और ध्यान देता है। जब कोई व्यक्ति किसी उच्च पद से सेवानिवृत्त होता है, खासकर कुलपति जैसे प्रतिष्ठित पद से, तो उन्हें यह महसूस हो सकता है कि अब उन्हें वह पहले जैसा सम्मान और सुविधाएँ नहीं मिल रही हैं। यह उनके लिए अत्यंत कष्टदायक हो सकता है। लोग उन्हें अब कुलपति के रूप में नहीं देखते, बल्कि एक सेवानिवृत्त व्यक्ति के रूप में देखते हैं, जिससे उन्हें अपनी महत्ता में कमी महसूस हो सकती है। सेवानिवृत्ति के बाद जब व्यक्ति किसी को लाभ देने की स्थिति में नहीं रहता, तो अक्सर ऐसे संबंध फीके पड़ जाते हैं, जिससे सेवानिवृत्त व्यक्ति को अकेलापन और उपेक्षित महसूस होता है।सामाजिक अपेक्षाएँ और तुलना: समाज अक्सर सफल या शक्तिशाली व्यक्तियों को ही देखता और सराहता है। सेवानिवृत्ति के बाद जब वे उस दायरे से बाहर आते हैं, तो उन्हें यह महसूस हो सकता है कि उनकी सामाजिक प्रासंगिकता कम हो गई है। वे अक्सर दूसरों के साथ अपनी तुलना करने लगते हैं, जिससे हीन भावना आ सकती है। हालांकि यह एक स्वाभाविक भावना है, लेकिन कई सेवानिवृत्त कुलपति इस कष्ट से उबरने और अपने जीवन को फिर से सार्थक बनाने के तरीके ढूंढते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि समाज की यह मानसिकता एक बड़ी चुनौती है, और सेवानिवृत्त कुलपतियों का कष्ट वास्तविक है। लेकिन, कई व्यक्ति अपनी अंतरात्मा और अनुभवों के बल पर इस चुनौती को पार कर एक नया, सम्मानजनक और संतोषजनक जीवन पाते हैं।

**अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विवि, विभागाध्यक्ष**
**राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर**

## राशिफल मंगलवार 4 नवम्बर, 2025



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, रेवती नक्षत्र दिन 12:35 तक, वज्र योग दिन 3:43 तक, गर करण दिन 12:21 तक, चन्द्रमा आज दिन 12:35 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मीन, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग दिन 12:31तक है। सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग दिन 12:35 से सूर्योदय तक है। भद्रा रात्रि 10:32 से आरम्भ होगी। आज काशी विश्वनाथ प्रतिष्ठा दिवस, बेकुण्ठ चतुरदशी है। पंचक दिन 12:35 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:26 से 10:48 तक, लाभ-अमृत 10:48 से 1:32 तक, शुभ 2:54 से 4:16 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:42, सूर्यास्त 5:38 तक



**मेष**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।




**वृष**

आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।



**मिथुन**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक/वित्तीय मामलों में प्रगति होगी।



**कर्क**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।



**सिंह**

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



**कन्या**

घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।




**तुला**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**वृश्चिक**

व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।



**धनु**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में आपसी वाद-विवाद टालने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मकर**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।



**मीन**

अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। नवीन कार्य में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# मतोड़ा सड़क हादसा : एक साथ निकली अंतिम यात्रा देख आंखें हुई नम

- पश्चिमी राजस्थान : 15 दिन में 3 बड़े हादसे, 47 लोगों की मौतें बन रही चर्चा का विषय
- रविवार को फलोदी में हुए सड़क हादसे में 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी
- कंरदन से हर किसी दिल पसीजा, प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी रहे उपस्थित
- राज्यपाल व सासंद राजेंद्र गहलोत ने जताया शोक
- ग्रीन कॉरिडोर बनाकर सभी शवों को घरों तक पहुंचाया
- मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे रिश्तेदार और परिजन

**जोधपुर,** (कासं)। फलोदी में रविवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की मोक्ष धाम में जब एक साथ 12 चिता जली तो चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग मृतकों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी मोक्ष धाम पहुंचकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी। इससे पहले नैणची बाग के खटुकड़ी का बास में एक घर में छह शव पहुंचे तो परिवार वाले चीखने लगे। खुश सांखला, उसकी मां मधु सांखला, गीता, सानिया, दिशा और रामेश्वरी की अर्थियां एक साथ उठीं। पूरे मोहल्ले और आसपास के इलाकों के लोग पहुंचे थे। सबकी आंखें नम थीं।

दर्दनाक हादसे के बाद सोमवार को जब जोधपुर के नैणची बाग (सूरसागर) के खटुकड़ी का बास में एक साथ 6 शव पहुंचे तो चीख-पुकार मच गई। यहां पूरे मोहल्ले और आसपास के इलाकों के लोग पहुंचे थे। सबकी आंखें नम थीं। इसके बाद जब एक साथ 6 अर्थियां मोहल्ले से निकली तो परिजनों की चीत्कार सुनकर सभी का कलेजा फट गया। प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने भी दिवंगतों की अंत्येष्टि में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रभारी मंत्री दिलावर मोक्षधाम पहुंचे, जहां उन्होंने पार्थिव देहों के अंतिम दर्शन किए और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी, संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं लोग उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि रविवार को फलोदी में हुए सडक़ हादसे में 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इसमें से 14 श्रद्धालु नैणची बाग के रहने वाले थे। सोमवार सुबह ग्रीन कॉरिडोर बनाकर सभी शवों को घरों तक पहुंचाया गया। जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी से जब एक साथ कई एंबुलेंस निकलीं तो लोगों की आंखें नम हो गईं। सूरसागर के नैनची बाग में रात से ही सन्नाटा और मातम पसरा रहा। आज जब घरों में शवों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ तो चीख पुकार मच गई। रोना और क्रंदन सुनाई दिया। पूरे मौहल्लें में कंरदन सुनाए दिए।

इन सबके बीच में सुबह से ही घरों के बाहर अर्थियां सज गई। शवों के आने के साथ ही अर्थियों को अंतिम संस्कार के लिए रवाना किया गया। सुहागिन महिलाओं की अर्थियों को सुहाग सेज में रवाना किया गया। हादसे के शिकार परिवार पर पहाड़ टूटने और घर में रोने क्रंदन की स्थित में कईयों की तबीयत ना बिगड़ पाए इसके लिए प्रशासन की तरफ से एंबुलेंस और डॉक्टर को भी लगाया गया, ताकि तबीयत बिगडऩे पर तत्काल ट्रीटमेंट शुरू किया जा सकें।

इस भीषण हादसे में दिशा पत्नी उम्मेद, सजन कंवर पत्नी ओमप्रकाश, लता पत्नी छंवरलाल, टीना पत्नी विनोद, उर्मिला पत्नी रामसिंह, मीना पत्नी दीनदयाल, दिव्या पत्नी कार्तिक, मधु पत्नी रविंद्र, प्रणव पुत्र जितेंद्र, गाड़ी का चालक पाल बालाजी अमरावती नगर निवासी फतेहपुरी पुत्र दौलतपुरी, रूद्राक्ष पुत्र राजेंद्र सांखला, सानिया पत्नी दिलीप, खुश सांखला पुत्र रविंद्र सांखला, रामेश्वरी पत्नी मूलाराम एवं गीता पत्नी गोविंद की मृत्यु हो गई थी। हादसे में घायल तारा पत्नी राजेंद्र, गुंजन उर्फ फूलवंती पत्नी उमेश को घायल हुए थे, जिनका एमडीएम अस्पताल में उपचार चल रहा है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने फलोदी के मतोडा क्षेत्र में हुए भीषण सडक़ हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

वहीं राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने भी फलोदी ज़िले के मतोड़ा थाना क्षेत्र में हुए भीषण सडक़ हादसे में सूरसागर के पंद्रह लोगों की दर्दनाक मौत के समाचार पर गहरा दु:ख जताया। राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने इस दुर्घटना को हृदय विदारक घटना बताते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को मोक्ष प्रदान करते हुए अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने एवं उनके परिजनों को इस वठापात को सहन करने की शक्ति व आत्मबल प्रदान करने की कामना की।

## परिवार में तीन मौत पर 25-25 लाख, अन्य को दस लाख


फलोदी-मतोड़ा मार्ग पर रविवार की देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में जोधपुर के सूरसागर स्थित नैनची बाग के रहने वाले 15 लोगों की दर्दनाक मौत के बाद सोमवार को शहर के एम्स और महात्मा गांधी चिकित्सालय की मोर्चरी में शवों को कार्रवाई के बाद परिजन को सुपुर्दगी का सिलसिला दोपहर में हुआ। इधर राज्य सरकार ने परिवार में तीन मौतों पर 25-25 लाख और एक सदस्य वाले परिवार को दस-दस लाख की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। राजस्थान सरकार के शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) एवं पंचायती राज मंत्री तथा जोधपुर-फलोदी प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने फलोदी-मातोड़ा मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिवार एवं घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की। प्रभारी मंत्री दिलावर ने कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा घायलों को 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। रविवार की रात में शवों को जोधपुर के एम्स और एमजीएच लाए जाने के बाद मृतकों के परिजन, रिश्तेदार और माली समाज के लोग अस्पतालों में मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। वे राज्य सरकार से उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे। सुबह भी लोग धरने पर बैठे रहे। बाद में सहायता राशि की घोषणा उपरांत परिजन शांत हुए और धरना हटा दिया गया।

## प्रशासन हरकत में, हाइवे किनारे से ढाबों को हटाया

फलोदी में भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में एक साथ हुई 15 मौतों के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को हाईवे किनारे से अवैध ढाबों को हटाया गया। फलोदी हादसे के बाद प्रशासन हरकत में आया। भारतमाला एक्सप्रेस वे के किनारे से अवैध ढाबों को हटाने का विशेष अभियान सोमवार को चलाया गया। बताया गया है कि हाइवे किनारे अवैध ढाबे खोले गए हैं। इन ढाबों पर खाना खाने के लिए ट्रक, ट्रेलर वाले रुकते हैं। हाइवे किनारे अपने भारी वाहनों को पार्क कर देते हैं, जिसकी वजह से हादसे होते रहते हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार को भी ढाबे के सामने खड़े ट्रेलर से टेम्पो ट्रेवलर टकराया था। स्थानीय लोगों के अनुसार इन ढाबों पर शराब, डोडा और अफीम जैसी नशीली वस्तुएं भी आसानी से उपलब्ध हो जाती है। हादसे के बाद सोमवार सुबह से ही प्रशासन द्वारा इन सभी अवैध ढाबों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। जनता ने मांग की है कि प्रशासन इन ढाबों के संचालकों पर सख्त कार्रवाई करे और भविष्य में दुर्घटनाओं से बचाव के लिए नियमित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# सांसद खेल महोत्सव के तहत 100 मीटर दौड़ आयोजित



पाली के राजकीय बांगड़ पीजी महाविद्यालय में सांसद खेल महोत्सव के तहत पंजीकरण के लिए विद्यार्थी उत्साहित नजर आए। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली,** (नि.सं.)। राजकीय बांगड पीजी महाविद्यालय में सांसद खेल महोत्सव के तहत ब्लॉक स्तरीय 100 मीटर दौड का आयोजन सोमवार को हुआ।

खेल प्रभारी डॉ. मुकेश सांखला व डॉ. संतोष त्रिपाठी ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ-चढकर भाग लिया। 100 मीटर छात्र वर्ग में 19 वर्ष की श्रेणी में यशराज सिंह प्रथम, यशपाल सिंह द्वितीय व मो. रेहान तृतीय स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में सुमन देवासी प्रथम, दिव्या कुमारी द्वितीय व रिंकु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर छात्र वर्ग में प्रथम महिपाल मीणा, किरण कुमार द्वितीय व मो. अली तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर छात्रा वर्ग में प्रथम वीना कुमारी, द्वितीय नारंगी व तृतीय स्थान पर मूमल राजपुरोहित रही। सांसद खेल महोत्सव पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी। संचालन शारीरिक शिक्षक शैतानसिंह जैतावत व मुकेश कुमार ने किया। संचालन में प्रो. विश्वमैत्री, प्रो. गणेश राम, प्रो. मनीष एवं प्रो. रामेश्वर लाल ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## छप्पन भोग की झांकी सजाई

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर में अन्नकूट महोत्सव की धूम मची हुई है।

सोमवार को शहर के पानी दरवाजा स्थित ब्राह्मण स्वर्णकार समाज रघुनाथ जी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। जहां राम लक्ष्मण जानकी हनुमान के आगे छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। रात्रि 7 बजे आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें भारी भीड़ उमड़ी। इसी प्रकार रजत नगर स्थित गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज गाछियों का बास स्थित चारभुजा मंदिर, हाउसिंग बोर्ड विश्वेश्वर महादेव मंदिर में भी अनुकूट का आयोजन हुआ।

मंगलवार को शहर में नरसिंह मंदिर, शनिचरा मंदिर, सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर मैं अन्नकूट का आयोजन होगा।

## सोशल मीडिया पर झूठी पोस्ट, थाने में शिकायत दी

**सायला,** (निसं)। सायला के भांडवपुर तीर्थ के ट्रस्टी एवं श्री खणेशी माता गौशाला ठाकुर मंदिर श्री रामदेव मंदिर चौराऊ अध्यक्ष नेमीचंद ने सोमवार को सोशल मीडिया पर झूठी पोस्ट से छवि धूमिल करने को लेकर सायला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पोस्ट में लिखा गया कि जयरत्न आनंद विजय व नेमींचद मेरी हत्या करवाना चाहते हैं, मेरे पीछे कुछ गुंडे छोडे जाने का गलत आरोप लगाया है।

नेमीचन्द पुत्र छगनलाल जैन (65) निवासी चौराऊ ने पुलिस थाना सायला में एक लिखित रिपोर्ट देकर बताया कि वह भांडवपुर तीर्थ का ट्रस्टी हुँ तथा श्री खणेशी माता गौशाला ठाकुर मंदिर श्री रामदेव मंदिर चौराऊ का अध्यक्ष हुँ तथा जैन संघ तैनाली व सन 2002 से गोल्ड सिल्वर मार्केट का अध्यक्ष हुँ 1 नवंबर 2025 को शाम करीब 4.35 बजे, श्री भावपुर संघर्ष नामक व्हाट्सएप ग्रूप में जीतमल उर्फ जयन्तिलाल पुत्र सरदारमल जैन (निवासी चौराऊ) ने अपने मोबाइल नंबर 8500484252 से एक आपत्तिजनक पोस्ट डाली। पोस्ट में लिखा गया कि जयरत्न आनंद विजय व नेमींचद मेरी हत्या करवाना चाहते हैं, मेरे पीछे कुछ गुंडे छोडे हुए हैं।

जैन ने बताया कि उक्त पोस्ट झूठी, निराधार और समाज में उनकी छवि धूमिल करने वाली है। इस तरह की अफवाहों से समाज में भ्रम फैल रहा है और उनकी वर्षो की सामाजिक प्रतिष्ठा पर आघात पहुंचा है।

उन्होंने बताया कि संबंधित व्यक्ति पूर्व में भी कई बार झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने का प्रयास कर चुका है। इस बार की पोस्ट से उनके सहयोगी जयरत्न के शिष्य जीतरत्न का मानसिक संतुलन बिगड गया, जिनका उपचार अहमदाबाद में चल रहा है।

नेमीचंद जैन ने थाने में शिकायत देकर मानहानि एवं अफवाह फैलाने के आरोप में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बिशनगढ़ थानाधिकारी व एएसआई के निलंबन की मांग



चतु समुदाय वैष्णव वैरागी शिक्षा सेवा समिति सायला ने ग्राम केशवना में वैष्णव ब्राह्मण परिवार के साथ पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाया है। फोटो-राष्ट्रदूत

**सायला,** (निसं)। चतु समुदाय वैष्णव वैरागी शिक्षा सेवा समिति, सायला ने ग्राम केशवना में वैष्णव ब्राह्मण परिवार के साथ पुलिस द्वारा की गई कथित ज्यादती पर कडा विरोध दर्ज कराया है।

समिति के प्रतिनिधियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में शामिल बिशनगढ थानाधिकारी और एएसआई के निलंबन की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि गत दिनों बिशनगढ थानाधिकारी निम्बसिंह और एएसआई ताराराम ने पुलिस बल के साथ मिलकर ग्राम केशवना में निवासरत एक वैष्णव ब्राह्मण परिवार को जबरन उनके रहवासीय मकान से बेदखल कर दिया। पुलिस द्वारा यह कार्रवाई किसी भी न्यायिक आदेश के बिना की गई।

समिति का आरोप है कि रात्रि के करीब 1 बजे पुलिसकर्मी घर में घुसे, महिलाओं को गिरफ्तार किया और परिवार के शेष सदस्यों को घर से बाहर निकालकर मकान पर ताला लगा दिया। जिसमे थानाधिकारी निम्बसिंह और एएसआई ताराराम ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है और असामाजिक तत्वों से मिलकर घर में निवासरत परिवारजनों व नाबालिग सदस्यों को बेदखल किया है। समिति ने पुलिस की इस कार्रवाई की कडे शब्दों में निंदा की है। साथ ही समग्र मामले की विभागीय जांच करवाने तथा पीडित परिवार को शीघ्र न्याय दिलवाने की मांग की।

इस दौरान बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

## बी.एल.ओ. देंगे घर-घर दस्तक

**पाली,** (नि.सं.)। निर्वाचन निर्वाचन विभाग की ओर विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत सोमवार को निर्वाचन क्षेत्र के पाली एवं रोहट के पंचायत समिति सभागार मे पर्यवेक्षक एवं बूथ लेवल अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत सोमवार को निर्वाचन क्षेत्र के रोहट पंचायत समिति सभागार में भाग संख्या एक से पचपन के बीएलओ के लिए सुबह 11से एक बजे, भाग संख्या दो सो चार से दो सो 257 के बीएलओ के दोपहर दो बजे से सांय चार बजे तथा पाली पंचायत समिति में इसी दिन भाग संख्या 56 से 130 के लिए सुबह 11 से एक तथा भाग संख्या 131 से 203 के बीएलओ को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। रोहट मे आनन्द किशोर लोहरा एवं दिलीप सिंह तथा पाली मे प्रथम पारी मे ओम प्रकाश कुमावत ओर मुकेश जागरीवाल तथा द्वितीय पारी मे निरंजन त्रिवेदी और सत्य नारायण सिंह राजपुरोहित ने मास्टर ट्रेनर के रूप मे प्रशिक्षण दिया।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी राणावत ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत चार नवम्बर से बुथ लेवल अधिकारी मतदाताओ के घर जाकर अभियान का आगाज करेंगे। कार्यक्रम चार दिसम्बर तक चलेगा। दिसम्बर को मतदाता सूचियो का प्रकाशन, नौ दिसम्बर से 8 जनवरी तक दावे एवं आपत्तियां, जिनका 31 जनवरी तक निस्तारण किया जाएगा। वही 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूचियो का प्रकाशन किया जाएगा।

# रेल में बेटिकट यात्रियों से 1.14 करोड़ की वसूली

**जोधपुर,** (का.सं.)। त्योहारी सीजन के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल द्वारा चलाए गए सघन टिकट जांच अभियान में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

अक्टूबर माह में मंडल के टिकट जांच स्टाफ ने कुल 22 हजार 271 यात्रियों को बिना या अनियमित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़ा। इनसे 1.14 करोड़ रुपए का राजस्व वसूला गया, जो निर्धारित लक्ष्य 90.12 लाख की तुलना में सवा चौबीस लाख रुपए (4.61 प्रतिशत) अधिक है।

मंडल के सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के नेतृत्व में त्योहारी सीजन के दौरान जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में चलाया गया।

इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य यात्रियों में टिकट खरीदने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना एवं राजस्व संरक्षण सुनिश्चित करना रहा।

बिना टिकट यात्रा के 13,070 मामले आए जिनसे 68 लाख 38 हजार 756 रुपए की वसूली की गई। अनियमित टिकट (रिज़र्व कोच में जनरल टिकट) के 9 हजार मामलों में 45 लाख 90 हजार रुपए की वसूली की और बिना बुक सामान के भी 32 मामले पकड़े गए। स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर 2,547 यात्रियों से 2.75 लाख रुपए वसूले गए। इसी तरहधूम्रपान करते पकड़े गए 121 यात्रियों से 24 हजार 800 रुपए का जुर्माना वसूला गया। रेलवे प्रशासन ने बताया कि यह सघन टिकट जांच अभियान आगामी दिनों में और अधिक प्रभावी ढंग से जारी रहेगा। साथ ही, यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे यात्रा से पूर्व वैध टिकट अवश्य लें एवं रेलवे के नियमों का पालन करें।

## वंदे भारत के संचालन समय में अस्थाई बदलाव

**पाली/जोधपुर।** साबरमती से जोधपुर आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के समय में अस्थाई बदलाव किया गया है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि 6 नवंबर से 10 नवंबर तक यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से एक घंटा देरी से साबरमती स्टेशन से रवाना होगी।

जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने जानकारी दी कि यह बदलाव अजमेर मंडल के अजमेर-पालनपुर रेलखंड के फालना स्टेशन यार्ड में चल रहे फुट ओवर ब्रिज के गर्डर लॉन्चिंग कार्य के कारण किया गया है।

यह कार्य ट्रैक की सुरक्षा और रखरखाव के लिए आवश्यक है, इसलिए इस अवधि में ट्रेन नंबर 12462, साबरमती-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन में अस्थाई परिवर्तन किया गया है।

रेलवे ने बताया कि यह इंजीनियरिंग कार्य सीमित अवधि के लिए है और इसके पूरा होने के बाद ट्रेन फिर से अपने नियत समय पर ही संचालित होगी। यात्रियों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने समय रहते सूचना जारी कर दी है ताकि यात्री अपनी यात्रा की योजना उसी अनुसार बना सकें।

# विद्यालयों में कई कार्यक्रम हुए

**जालोर,** (कासं)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को जिले के समस्त विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी के बारे में जानकारी देने के साथ ही निबंध, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

माणिक्य लाल वर्मा ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ उदयपुर के निदेशक ओम प्रकाश जैन ने जीवाणा में भगवाना बिरसा मुण्डा के जीवन पर प्रकाश डाला। माणिक्य लाल वर्मा ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ उदयपुर के निदेशक ओमप्रकाश जैन ने सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीवाणा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रार्थना सभा में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के बारे में जानकारी देते हुए आदिवासी शिक्षा की अलग जगाने का संदेश दिया। कार्यवाहक पीईईओ अकबर खान ने भी बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अध्यापक अकबर खान, ओम प्रकाश, परखाराम, लखनलाल, सुरेश कुमार, प्रतीक वशिष्ठ, हेमाराम, परमेश्वरी, पार्वती, पूजा, लाल दवे सहित स्कूली छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जिले के सरकारी विद्यालयों में आयोजित निबंध, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रार्थना सभा आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के प्रेरणादायी जीवन, संघर्ष एवं उनके योगदान की जानकारी दी गई।

## महिला के पास मिली स्मैक-गांजा

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के महामंदिर पुलिस ने बताया कि भदवासिया सांसी बस्ती गली नंबर 5 में रेड देकर सुमन पत्नी धर्माराम को पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उसके पास तलाशी में 1.77 ग्राम स्मैक और 34.50 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसे गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया।

## प्रशिक्षण दिया

**बाड़मेर,** (नि.सं.)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करवाने के लिए बाड़मेर जिला मुख्यालय पर पंचायत समिति सभागार में सोमवार को बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े विविध पहलूओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बाड़मेर तहसीलदार हुकमीचंद, मास्टर टेनर ओमप्रकाश जोशी एवं पूनमचंद खत्री ने एसआईआर कार्यक्रम के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण अभियान है। इसको लेकर समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजर पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के साथ नए योग्य मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। ताकि मतदाता सूची पूर्ण, अद्यतन और त्रुटिरहित बन सके। इस दौरान प्रशिक्षण के समापन के अवसर प्रशिक्षणार्थियों की मूल्यांकन प्रक्रिया करवाई गई।

# पंचायत समिति जैसलमेर की तिलहन कार्यशाला संपन्न

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। कृषि विभाग जैसलमेर के तत्वावधान में आज सोमवार को आत्मा सभागार भवन में पंचायत समिति जैसलमेर की ब्लॉक स्तरीय तिलहन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यशाला में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार डॉ. जे. आर. भाखर ने बताया कि दलहन एवं तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग, समय पर बुवाई, जैविक तरीकों को अपनाना और समुचित सिंचाई प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि तिलहनी फसलों में डीएपी कि जगह सिंगल सुपर फॉस्फेट एंव एनपीके उर्वरक उपयोग करने कि सलाह दी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि तिलहनी व दलहनी फसलों के लिए डीएपी में उपलब्ध नत्रजन व फास्फोरस के वैकल्पिक उर्वरक एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट 16 प्रतिशत फास्फोरस) का यूरिया के साथ संयोजन किए जाने से फसलों को आवश्यक तत्व सुगमता से उपलब्ध होने के साथ आवश्यक अन्य तत्वों सल्फर व कैल्सियम की पूर्ति भी हो सकेगी।

इस अवसर पर सहायक निदेशक कृषि महावीर छींपा ने किसानों को तिलहन फसलों सरसों, मूंगफली, तिल, आदि की उन्नत किस्मों, कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, रासायनिक उर्वरको का मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उपयोग, भूमि में जैविक कार्बन की मात्रा बढाने के लिए गोबर की खाद का उपयोग करना चाहिए। कीट वैज्ञानिक डॉ. सुगन चन्द मीणा ने बीजो उपचार, भूमि उपचार, कृषि उत्पादन की नवीन तकनीक, कीटो की पहचान एवं उनके नियन्त्रण संबंधी, एवं रोग प्रबंधन, तथा जलवायु अनुकूल खेती की जानकारी दी। डॉ. अनिल पाटीदार द्वारा रबी सीजन में विभिन्न फसलों की बुवाई का समय, बीजो की उन्नत किस्मों की जानकारी दी।

इस कार्यशाला में सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी सुमन मीणा द्वारा मिटटी पानी जॉच एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग के बारे में बताया। सहायक निदेशक कृषि प्रदीप चौधरी ने बताया कि तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग, समय पर बुवाई, जैविक तरीकों को अपनाना और समुचित सिंचाई प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर किसानों को विभिन्न विभागीय योजनाओं, अनुदान एवं तकनीकी सहायता की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से अपने खेतों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की एवं समाधान प्राप्त किए। कार्यषाला में उपस्थित सभी कृषकों को धरती माता बचाओं अभियान के अन्तर्गत रासायनिक उर्वरको का कम प्रयोग एवं भूमि में कार्बनिक तथा जैविक खाद का उपयोग की शपथ दिलवाई गई। इसके अलावा कार्यक्रम में कृषि अधिकारी संजय बिश्नोई, सहायक कृषि अधिकारी जैसलमेर विकास कुमार सांखला एंव अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हर्षवर्धन लुणोल अध्यक्ष बने

**रेवदर ,** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रेवदर इकाई की बैठक राजकीय महाविद्यालय में हुई। जिला संयोजक चेतना राजपुरोहित ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की रीति नीति, कार्यपद्धति, विभिन्न आंदोलनों, संरचना, आगामी कार्य म, आयाम, कार्य,गतिविधि एवं प्रान्त कार्यकारिणी बैठक पर चर्चा की। पुर्व ईकाई अध्यक्ष विक्रम सोनी ने कॉलेज इकाई कार्यकारिणी की घोषणा की। कॉलेज इकाई अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह लुणोल और सचिव लक्ष्मण वाघेला को नियुक्त किया। नगर मंत्री यस गर्ग, नगर मंत्री जितेंद्र माली,पूर्व ईकाई अध्यक्ष वि म सोनी, नगर सोशल मीडिया संयोजक अजीत बोराणा, ई. उपाध्याय राहुल कुमार, विशाल, प्रियल पुरोहित, भूमिका समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


**कार्यालय नगरपालिका, सांचौर जिला-जालौर (राज.)**

(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक / न.पा.सां. / 2025 / 4567-68 दिनांक : 28.10.2025

-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका परिक्षेत्र में निम्नाकिंत आवेदनकर्ताओ द्वारा प्रस्तुत कार्यालय में लम्बित 69-क पत्रावलियों के तहत पट्टा जारी करने हेतू मांग की है, इस बाबत् किसी व्यक्ति/आस-पडौस को आपत्ति हो तो 3 दिवस मंय सबुत के साथ उपस्थित होकर कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद म्याद गुजरने पर कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित रहे जो पत्रावलियों का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | पत्रावली सं. / दिनांक | प्रार्थी का नाम /पिता का नाम | मौहल्ला | भूमि का क्षैत्रफल वर्ग गज/वर्ग मी. | नियमन हेतू | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LD/SNCH/2025-26/303765 | श्री श्रवण कुमार पुत्र श्री ईश्वरलाल जाति-मेघवाल | रामदेव कॉलोनी के पीछे, वार्ड सं. 31 सांचौर | 254.55 | 69-क | आवासीय |
| 2 | LD/SNCH/2025-26/307545 | श्री डूंगराराम पुत्र श्री भलाराम जाति-कलबी | रमेश कॉलोनी, सांचौर | 167.28 | 69-क | आवासीय |
| 3 | LD/SNCH/2025-26/307563 | श्री श्रवण कुमार पुत्र श्री डूंगराराम जाति-विश्नोई | इन्द्रा कॉलोनी, सांचौर | 185.87 | 69-क | आवासीय |
| 4 | LD/SNCH/2025-26/305787 | श्री मांगीलाल पुत्र श्री नेमीचंद जाति-ओसवाल (मुता) | न्यू मोची कॉलोनी, हाडेचा रोड़, सांचौर | 247.95 | 69-क | आवासीय |
| 5 | LD/SNCH/2025-26/305782 | श्री लालचंद, सबिल कुमार, जीवराज, घेवरचंद, सुमेरमल पुत्र श्री घमण्डी राम व श्रीमति मोनिका डी जैन पुत्री श्री घमण्डीराम पत्नि- दिनेश कुमार जाति-जैन | न्यू मोची कॉलोनी, हाडेचा रोड़, सांचौर | 209.10 | 69-क | आवासीय |
| 6 | LD/SNCH/2025-26/254879 | श्री मावजीराम पुत्र श्री चिमनाराम जाति-पुरोहित | शोभाला का गोलिया, सांचोर | 193.54 | 69-क | आवासीय |
| 7 | 3087/2022 | श्री आत्माराम पुत्र श्री छगनलाल जाति-पुरोहित | रानीवाड़ा रोड़, श्री नाथ कॉम्प्लेक्ष, सांचौर | 244.88 वर्गगज | 69-क | वाणिज्यक |

राज.संवाद/सी/25/13003 अधिशाषी अधिकारी

# एएसआई पदोन्नति परीक्षा के लिए दौड़ लगा रहे पुलिसकर्मी की मौत

## हेड कांस्टेबल जब्बर सिंह की उदयपुर पुलिस लाइन में दौड़ लगाते समय तबियत बिगड़ गई थी

- चिकित्सकों ने कार्डियक अरेस्ट की आशंका जताई है, झाड़ोल थाने में हेडकांस्टेबल पद पर तैनात थे जब्बर सिंह
- पानरवा थाना क्षेत्र के बिरौडी गांव निवासी जब्बर सिंह के परिवार में पत्नी, बच्चे, माता-पिता और बहनें है, पिता जेल विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं, जब्बर सिंह परिवार का इकलौता सहारा थे

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल से एएसआई पदोन्नति परीक्षा के दौरान सोमवार सुबह 44 वर्षीय हेड कांस्टेबल जब्बर सिंह की मौत हो गई। पुलिस विभाग की ओर से आयोजित फिजिकल परीक्षा के तहत जब्बर सिंह अन्य प्रतिभाग हेड कांस्टेबल के साथ रानी रोड पर दौड़ लगा रहे थे। इस दौरान उनकी अचानक तबियत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल एमबी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने कार्डियक अरेस्ट की आशंका जताई है।

एडी. एसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ ने बताया कि जब्बर सिंह झाड़ोल थाने में हेडकांस्टेबल पद पर तैनात थे। 2011 में वे पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। सोमवार को एएसआई पदोन्नति के लिए फिजिकल परीक्षा चल रही थी जिसमें 507 हेड कांस्टेबल परीक्षा में शामिल हुए थे। फिजिकल परीक्षा के तहत रानी रोड पर दौड़ आयोजित की गयी थी। 12 मिनट में 2 किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी थी। सुबह जब दौड़ शुरू हुई सभी प्रतिभागी स्वस्थ थे। समूह बनाकर प्रतिभागी हेडकांस्टेबल की दौड़ करायी गयी। अंतिम समूह में जब्बर सिंह दौड़ लगा रहे थे। दौड़ पूरी होने वाली थी कि अचानक रास्ते में उनकी तबितय बिगड़ गयी और वे बेहोश हो गए। उन्होंने तत्काल एमबी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम करा पुलिस ने शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। उदयपुर के पानरवा थाना क्षेत्र के बिरौडी गांव निवासी जब्बर सिंह के परिवार में पत्नी, बच्चे, माता-पिता और बहनें है। पिता जेल विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं। जब्बर सिंह परिवार का इकलौता सहारा था।

**खेत में बुजुर्ग महिला की संदिग्ध लाश मिली : -** देवगढ़ थाना क्षेत्र के पितामपुरा गांव में एक बुजुर्ग महिला का शव उसके ही खेत पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि 65 वर्षीय मांगी बाई रेगर (पत्नी गणेशराम रेगर), निवासी पितामपुरा, रविवार को अपनेखेत पर गई थी। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। सोमवार सुबह उनका शव अपने ही खेत पर मृत अवस्था में मिला। मृतका के दो बेटे और एक बेटी हैं, जो बाहर रहते हैं। सूचना मिलने पर देवगढ़ थानाधिकारी संगीता बंजारा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया जांच में मृतका खेत पर औधे मुंह पड़ी मिलीं। उनके कपड़े, जेवरात और चप्पल सुरक्षित थीं। हालांकि, उनके चेहरे पर खून के निशान थे और हाथ की मुट्ठी में कुछ लकड़ियां थीं।पुलिस ने शव को देवगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वाहन चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार, 15 बाइक बरामद



भीलवाड़ा की भीमगंज थाना पुलिस ने वाहन चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की भीमगंज थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई 15 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन और वृताधिकारी मनीष बड़गुर्जर के सुपरविजन में थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। प्रकरण की शुरुआत तब हुई जब कृष्ण कुमार चौधरी निवासी टोंक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 18 अक्टूबर को उनकी बाइक महात्मा गांधी अस्पताल परिसर से चोरी हो गई। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध सत्यनारायण उर्फ विक्रमसिंह (32), निवासी थाना माण्डल को हिरासत में लिया। राजकॉप ऐप की सहायता से उसकी पहचान की गई, जिससे पता चला कि उसके खिलाफ पूर्व में भी चोरी के मामले दर्ज हैं। पूछताछ में सत्यनारायण ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात स्वीकार की और बताया कि उसने साथी सम्पतसिंह चौहान (31) निवासी हमीरगढ़ के साथ मिलकर 12 बाइकें चोरी की, जबकि तीन मोटरसाइकिलें अकेले चोरी कर गणेश गुर्जर (24) निवासी नीमच, मध्य प्रदेश को बेच दी। तीनों आरोपियों से 15 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जिन्हें विभिन्न स्थानों से जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह महात्मा गांधी अस्पताल एवं आसपास के क्षेत्रों में वाहनों की रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# चलती ट्रेन में सेना के जवान की चाकू मारकर हत्या

- साबरमती एक्सप्रेस में लूणकरणसर और बीकानेर के बीच जवान का कुछ युवकों से विवाद हो गया था
- झगड़ा करने वाले फरार, रेलवे के कुछ संविदा अटेंडेंट हिरासत में

**बीकानेर, (निसं)।** चलती ट्रेन में सेना के जवान की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना लूणकरणसर से बीकानेर स्टेशन के बीच साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की रात 11:30 बजे की है। मामले में रेलवे पुलिस ने कुछ ट्रेन अटेंडेंट को हिरासत में लिया है।

जीआरपी बीकानेर इंचार्ज आनंद कुमार ने बताया कि साबरमती एक्सप्रेस में सेना का जवान जिगर कुमार चौधरी फिरोजपुर (पंजाब) से सवार हुआ था। उसे साबरमती (गुजरात) पहुंचना था। रास्ते में लूणकरणसर और बीकानेर के बीच उसका कुछ युवकों से विवाद हो गया।युवकों ने जिगर कुमार के शरीर पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसका काफी खून बह गया। डिब्बे में खून ही खून हो गया। वह ट्रेन में तड़पता रहा। रात करीब 12:15 बजे ट्रेन बीकानेर पहुंची। यहां पहले से जीआरपी और रेलवे के डॉक्टर मौजूद थे। डॉक्टर ने चेक किया और जिगर कुमार को बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल रेफर किया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। शव मोर्चरी में रखा गया है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। झगड़ा करने वाले फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने रेलवे के कुछ संविदा अटेंडेंट को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि अटेंडेंट के साथ ही सेना के जवान का झगड़ा हुआ था। जीआरपी बीकानेर इंचार्ज आनंद कुमार ने बताया कि साबरमती एक्सप्रेस के जिस एसी कोच (डिब्बे) में जवान को चाकू मारा गया, उस डिब्बे में घटनास्थल की एफएसएल जांच भी होगी। चूंकि ट्रेन को रोका नहीं जा सकता था, इसलिए आरपीएफ के जवानों को इसी डिब्बे में रवाना किया गया।

# सड़क हादसे में शाहपुरा ( जयपुर ) क्षेत्र के चार लोग गंभीर घायल

## मांडल नेशनल हाइवे पर भदालीखेड़ा ओवरब्रिज के पास हादसा हुआ

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाइवे-48 पर सोमवार सुबह भदालीखेड़ा रेलवे ओवरब्रिज के समीप एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में शाहपुरा (जयपुर) क्षेत्र के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना इतनी भयावह थी कि कार ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा घुसी और करीब 100 मीटर तक घसीटती चली गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए।



हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

सूचना मिलते ही मांडल पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत उपजिला अस्पताल मांडल पहुंचाया गया, जहां सभी का उपचार जारी है। घायलों की पहचान अर्जुन पुत्र ग्यारसीलाल (28), उसकी पत्नी ऋतू (39), पुत्री सुमन (22) और अर्जुन यादव पुत्र बंसीधर (45) निवासी अमरपुरा, शाहपुरा (जयपुर) के रूप में हुई है। ये सभी सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे। हादसे के बाद हाइवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर जाम को सुचारू करवाया। करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही कार नियंत्रण खो बैठी और यह भीषण टक्कर हो गई।

# मंदिर से लाखों के जेवर चोरी

**डूंगरपुर, (निसं)।** सागवाडा थाना क्षेत्र के गोवाडी गांव में स्थित बैराज माता मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। देर रात चोरों ने मंदिर से लाखों रुपए के सोने और चांदी के आभूषण चुरा लिए। यह पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सागवाडा थाना पुलिस के अनुसार, यह घटना देर रात करीब एक बजे की है, चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर प्रवेश किया। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि चोरों ने पहले माताजी को ढोक लगाई और फिर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने चांदी की गणेश जी की मूर्ति, छत्र, सोने की बाली, पायल और तलवार सहित कई आभूषण चुराए। सुबह जब मंदिर के पुजारी पहुंचे तो उन्होंने ताला टूटा हुआ देखा, जिससे चोरी का खुलासा हुआ। सूचना मिलने पर सागवाडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION DHOLPUR**

File No 6045-59 Date 27.10.2025

**Notice Inviting Bid**

NIB code PWD2526A4030 and UBN is: PWD2526WSOB15607
NIB code PWD2526A4030 and UBN is: PWD2526WSOB15608
NIB code PWD2526A4030 and UBN is: PWD2526WSOB15609
NIB code PWD2526A4030 and UBN is: PWD2526WSOB15610
NIB code PWD2526A4030 and UBN is: PWD2526WSOB15611

Bids For NIT No. 10/2025-26 Misc. Work of PWD Division Dholpur of subject matter(s) of Procurement are Invited from interested bidders date 29.10.2025 11.00 AM to Date 10.11.2025 upto 6.00 Noon. Other particulars of the id may be visited on the procurement portel (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 88.82 Lacs.

(Naresh Chand Meena)
Excutive Engineer
PWD Division Dholpur

DIPR/C/15940/2025



**कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, संभाग प्रथम जोधपुर**

क्रमांकः 11865 दिनांकः 27.10.2025

**निविदा सूचना संख्या : 26 वर्ष 2025-26**

**NIB No. PWD2526A4019**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जालोर एवं सिरोही जिलों में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु कन्सलटेन्सी कार्यों के लिए डीपीआर तैयार करने हेतु अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में तीन कार्यों के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है।

1. PWD2526SLOB15541, 2. PWD2526SLOB15542
3. PWD2526SLOB15543

(नेमी चन्द शर्मा)
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता,
सा.नि.वि. संभाग प्रथम, जोधपुर

DIPR/C/15921/2025


# 12 साल की बेटी से दुष्कर्म, आरोपी पिता गिरफ्तार

## आरोपी पिता 36 घंटे में गिरफ्तार

**अनूपगढ़, (निसं)।** यहां 12 साल की बेटी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को 36 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि आरोपी की चाची ने 31 अक्टूबर को इस संबंध में मुकदमा दर्ज करवाया था। पीड़िता को जन्म के समय ही आरोपी के चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसके जेठ के बेटे, जो पीड़िता का जैविक पिता है, ने उसकी गोद दी हुई 12 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया। महिला के अनुसार, जब नाबालिग बेटी घर के पास से गुजर रही थी, तब आरोपी ने उसे सरसों का बैग रखवाने के बहाने अपने घर बुलाया। वहां उसने बच्ची को कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। जब बच्ची ने विरोध किया और घटना के बारे में परिजनों को बताने की बात कही तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि जैसे ही यह मामला दर्ज हुआ तो तुरंत विशेष टीम का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई थी। पुलिस ने आरोपी पिता को 36 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है।

# ट्रेन में महिला की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** अहमदाबाद से उदयपुर लौटते समय ट्रेन में सवार महिला की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंगपुरा थाना सिटी कोतवाली मंदसोर निवासी चन्द्रा उर्फ दिलखुश (30) पत्नी अनिल कुमार अहीरवार की ट्रेन में मौत हो गई। चन्द्रा की तबीयत ठीक नहीं होने से परिजन उपचार के लिए उसे अहमदाबाद ले गए थे। जहां से वापस लौटते समय रेलवे स्टेशन पर तबीयत जयादा खराब होने पर उसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीआरपी थानाधिकारी गोवर्धनसिंह भाटी ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# श्रीकरणपुर बॉर्डर पर 2.5 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद

- अधिकारियों का मानना है कि हेरोइन को सीमा पार से ड्रोन के जरिए गिराया था, श्रीकरणपुर थाने में अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया

**श्रीकरणपुर, (निसं)।** श्रीकरणपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में लगभग 2.5 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन बरामद की। यह खेप श्रीकरणपुर सेक्टर के गांव 23ओ पोस्ट के पास एक खेत में मिली। अधिकारियों का मानना है कि इसे सीमा पार से ड्रोन के जरिए गिराया गया था

अधिकारियों ने बताया कि रात सीमा क्षेत्र में संदिग्ध आवाज सुनाई दी थी। इसके बाद बीएसएफ ने तुरंत अलर्ट जारी कर आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। सुबह तलाशी के दौरान रामकिशन के खेत में पॉलिथीन में लिपटा एक पैकेट बरामद हुआ। जांच करने पर इसमें हेरोइन होने की पुष्टि हुई। बरामद हेरोइन का वजन लगभग 500 ग्राम है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2.5 करोड़ रुपए है। घटना की सूचना मिलते ही श्रीकरणपुर के सीआई रामप्रताप मौके पर पहुंचे। उन्होंने सीमा क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से नशा तस्करी की आशंका को देखते हुए बीएसएफ और पुलिस को सघन अभियान जारी रखने के निर्देश दिए। इस मामले में पुलिस, बीएसएफ, सीआईडी और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने संयुक्त कार्रवाई की है। श्रीकरणपुर थाने में अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में सीआई रामप्रताप, कॉन्स्टेबल कन्हैया, कॉन्स्टेबल कृष्ण, कॉन्स्टेबल राजेश, कॉन्स्टेबल सुखदीप सिंह, कॉन्स्टेबल भानुप्रताप और सीआईडी के कॉन्स्टेबल रोहिताश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

**विशेष छात्रवृत्ति एवं अनुदान योजना EWS (GEN) Fresh 2025 एवं Renewal 2024 छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवदेन आमंत्रित**

राजस्थान सरकार के जन घोषणा – पत्र के बिन्दु संख्या 23.28 के अनुसार शुरू की गई सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से पिछडे प्रतिभावान छात्र/छात्राओं की सहायता के लिए 'विशेष छात्रवृत्ति एवं अनुदान योजना' हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। ये आवेदन छात्रवृत्ति (Fresh) 2025 एवं (Renewal) 2024 के EWS (GEN) के विद्यार्थियों से आमंत्रित किये जाते हैं। राजस्थान के सामान्य वर्ग के EWS (GEN) प्रमाण–पत्र धारक ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने मा.शि.बोर्ड राजस्थान की माध्यमिक परीक्षा के बोर्ड आवेदन फार्म में EWS कैटेगरी कोड (14) को चिन्हित किया हो एवं माध्यमिक परीक्षा 2025 में **80%** या **80%** से अधिक तथा वर्ष 2024 (Renewal) के लिए कक्षा 11 में **55%** या **55%** से अधिक प्राप्तांक अर्जित विद्यार्थी ही पात्र हैं। आवेदन दिनांक 06.11.2025 से 05.12.2025 तक संबंधित विद्यालय के संस्था प्रधान के माध्यम से बोर्ड की वेबसाइट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। ऑफलाईन आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं हैं। अधिक जानकारी व आवश्यक दिशा निर्देश हेतु बोर्ड की वेबसाइट व दूरभाष नं:– 0145–2632025 व 0145–2632854 पर सम्पर्क करें।

सचिव



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**

क्रमांक : 1108-14 दिनांकः 27/10/2025

**ई-निविदा सूचना संख्याः 06/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला करौली (खण्ड टोडाभीम) में सड़क/भवन कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

NIB Code PWD2526A4018
1- UBN No. PWD2526WSOB15537
2- UBN No. PWD2526WSOB15540

(के. के. मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम

DIPR/C/15902/2025


# भगवान बिरसा मुंडा को 150वीं जयंती पर श्रद्धा से नमन किया

## भव्य रंगा रंग प्रस्तुतियों से सजी वागड महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या



स्कूलों की बालिकाओं ने विभिन्न प्रकार के नृत्य पेश किये।



चरी नृत्य, कालबेलिया, घूमर आदि नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां पेश की गई।

**डूंगरपुर, (निसं)।** वागड महोत्सव 2025 एवं जनजातीय गौरव वर्ष 2025-भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं गरीबों के उत्थान में योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

रविवार देर सायं सांस्कृतिक कार्यक्रम जिला प्रशासन डूंगरपुर, पर्यटन विभाग विभाग, नगर परिषद के संयुक्त तत्वाधान में शहर के लक्ष्मण मैदान में जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर दिनेशचंद्र धाकड, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमानसिंह राठौड़, आयुक्त नगरपरिषद प्रकाश डूडी ने मां सरस्वती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महारावल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना का प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग पश्चिमी संस्कृति केंद्र के कलाकारों ने चरी नृत्य, कालबेलिया, घूमर आदि नृत्य के माध्यम से मनमोहक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। इसी क्रम में कई स्कूलों की बालिकाओं ने सामूहिक नृत्य, शिव शंकर आराधना की आकर्षित प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालक व्याख्याता वैभव पाठक एवं भूपेंद्रसिंह देवला ने किया। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक जितेंद्र सिंह माली, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहायक निदेशक श्रीमती छाया चौबीसा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी मोहन खराडी, स्काउट सीईओ भाविक सुथार, डूंगरपुर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विमल साद, भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य गणेश लाल निनामा, किशन लाल गर्ग उप प्राचार्य विनय चौबीसा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

- दिवाली के दो दिन बाद अहमदाबाद जाने के लिए घर से निकला था

**डूंगरपुर, (निसं)।** वरदा थाना क्षेत्र के सेलज गांव के दर्रे में एक पेड़ से 6 से 7 दिन पुराना युवक का शव लटका हुआ मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक की पहचान सेलज गांव निवासी मुकेश डामोर के रूप में की गई है, जो कि दिवाली के दो दिन बाद अहमदाबाद जाने के लिए घर से निकला था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वरदा थाने के एएसआई ने बताया कि सेलज गांव के एक दर्रे में पेड़ से एक युवक का शव लटका होने की सूचना मिली थी, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि पेड़ से युवक का शव लटका हुआ था। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने शव के शिनाख्तगी के प्रयास किये तो मृतक की पहचान सेलज गांव निवासी मुकेश डामोर के रूप में हुई। मुकेश अहमदाबाद में काम करता था और दीवाली पर घर आया था। दिवाली के दो दिन बाद घर से अहमदाबाद जाने के लिए निकला था। 24 अक्टूबर को मुकेश की अपनी पत्नी से लास्ट मोबाइल पर बात हुई थी। उसके बाद से उसका परिजनों से कोई सम्पर्क नहीं हुआ था। पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।


**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)
पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर
टेलीफैक्स : 0141 – 2201489, इमेलः zcejz@jvvnl.org

**ई– निविदा सूचना**

ई–निविदा दो भागों में (तकनीकी–वाणिज्यिक), जयपुर डिस्कॉम के जेपीडीसी उत्तर वृत्त के क्षेत्र में सहायक अभियंता (HTM), जेपीडी, चोमू के अधीन प्रस्तावित 132 केवी जीएसएस गोविंदगढ़ व कालाडेरा से 33 केवी लाईन हस्तेड़ा, अलीसर और सांदरसर का स्थानांतरण का कार्य टीएन–153 के तहत एआरसी, 2025 पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा संबंधित दस्तावेज ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 01.11.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदायें ऑनलाईन ई– पोर्टल पर दिनांक 13.11.2025 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा संबंधी जानकारी कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

UBN:VVN2526WSOB00480
जेपीआर–3075 (2025)
राज.संवाद/सी/25/13015

संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)
बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-दुदू**

क्रमांक-711 **ई-टेन्डिरिंग सूचना संख्या 15/2025-26** दिनांक-24.10.2025

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी मे सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान मे पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि मे पंजीकृत संवेदको, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र मे प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

FINANCE (G&T) DEPARTMENT NOTIFICATION Jaipur, October 22, 2021 (75A. Additional Performance Security. (1) In addition to Performance Security as specified in rule 75, an Additional Performance Security shall also be taken from the successful bidder in case of unbalanced bid. The Additional Performance Security shall be equal to fifty percent of Unbalanced Bid Amount. The Additional Performance Security shall be deposited in lump sum by the successful bidder before execution of Agreement. The Additional Performance Security shall be deposited through e-Grass, Demand Draft, Banker's Cheque, Government Securities or Bank Guarantee.)

| | |
|---|---|
| निविदा का कार्य | Permanent Restoration work of Various CD Works under PWD Dn Dudu (10 Nos) |
| कुल राशि (रूपयों में) | रुपये 180.30 लाख |
| कुल धरोहर राशि (रूपयो में) | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत |
| निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की तारीख | मंगलवार, 28 अक्टुबर, 2025 प्रातः 9.30 बजे से गुरुवार, 06 नवम्बर, 2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | मंगलवार, 28 अक्टुबर, 2025 प्रातः 9.30 बजे से गुरुवार, 06 नवम्बर, 2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | शुक्रवार, 07 नवम्बर, 2025 को सायः 3.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6 (5) / वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई ग्रास पर आनलाईन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न) 1. प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग 2. निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 3. धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 ऑफिस आई.डी. 8346 |

UBN No:
(1) PWD2526WSOB15445, (2) PWD2526WSOB15446, (3) PWD2526WSOB15447, (4) PWD2526WSOB15448, (5) PWD2526WSOB15449, (6) PWD2526WSOB15450, (7) PWD2526WSOB15451, (8) PWD2526WSOB15452, (9) PWD2526WSOB15453, (10) PWD2526WSOB15454

(संदीप टाटीवाल)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड-दुदू (जयपुर)

DIPR/C/15880/2025

# ‘काल’ बनकर दौडा डंपर, सड़क पर कोहराम


## मृतकों-घायलों के लिए बिलखते रहे परिजन; सड़क पर बिखरा वाहनों का कबाड़, ट्रैफिक जाम लगा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** हरमाड़ा क्षेत्र में “काल” बनकर दौड़े तेज रफ्तार डंपर ने 14 लोगों की सांसे थाम दी। नशे में धुत्त चालक एक के बाद एक राहगीर और वाहनों को रौंदता हुआ आगे बढ़ा तो सड़क पर कोहराम मच गया। इस भयावह हादसे ने पूरे प्रदेश के रौंगटे खड़े कर दिए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों और मृतकों को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अस्पताल पहुंचाया। उधर राहगीरों को रौंदने वाले डंपर ड्राईवर को भीड़ ने पकड़कर जमकर धुनाई के बाद पुलिस को सौंपा है। हादसे के बाद मौके पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया, पुलिस ने सड़क से वाहनों को कबाड़ हटाकर आम रास्ता खुलवाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डंपर चालक नशे की हालत में था। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है, क्योंकि वह खुद गंभीर रूप से जख्मी है। पुलिस उसका मेडिकल मुआयना करवाएगी, उसके बाद ही वास्तविकता सामने आएगी। इस हादसे के जो वीडियो सामने आए हैं वो दिल को दहला देने वाले हैं। इसमें डंपर, तूफानी गति से राहगीरों और बाइक-कार सवारों को रौंदता हुआ दिख रहा है।

हादसे के बाद लोहा मंडी और विश्वकर्मा इलाके में लंबा जाम लग गया। ऐसे में पुलिस को ट्रैफिक को दूसरे मार्ग की ओर मोडना पड़ा। पुलिस ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से डंपर और अन्य क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर ट्रैफिक सुचारू कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद का मंजर काफी भयानक था। सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहन और क्षत-विक्षत शव बिखरे पड़े थे। हर कोई सोचकर ही सिहर उठा।

**हरमाड़ा के लोहामंडी कट पर सोमवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से सड़क पर क्षत-विक्षत शव बिखर गए। मौके पर जुटी भीड़ ने तुरंत दौड़कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया और डंपर चालक को दबोचकर पुलिस को सौंपा।** फोटो-दिनेश भारद्वाज

**■ पुलिस जांच में सामने आया है कि घटनास्थल से डेढ़ कि.मी. पहले डंपर चालक की किसी कार सवार से कहासुनी हुई थी, उसके बाद से वह डंपर को 100 कि.मी. प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ाता हुआ भाग रहा था।**

प्रोबेशनल आईपीएस उषा शर्मा ने बताया कि यह डंपर कहां से आया था और कहां जा रहा था, इसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। इस हादसे की भयावहता देखकर लोग कांप गए। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस-प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां घायलों को हाथों-हाथ ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एसएमएस अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। बाकी 11 ने अस्पताल पहुंचने के दौरान और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गई।

हरमाड़ा थाने के हैड कांस्टेबल रविंद्र ने बताया कि पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि घटनास्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले एक पेट्रोल पंप के बाहर डंपर चालक राजेश मीणा (35) निवासी चौमूं की, एक कार सवार से कहासुनी हुई थी। इसके बाद नशे में ड्राइवर डंपर को भगाकर ले गया था। रॉन्ग साइड में डंपर दौड़ाते हुए उसने बाइक को टक्कर मारी। तभी कुछ लड़के उसके पीछे लग गए। चालक ओवर स्पीड में डंपर भगाने लगा और गाड़ियों को टक्कर मारते हुए अजमेर-दिल्ली हाईवे के लोहा मंडी कट के पास ट्रेलर से टकराकर रुक गया। हादसे के दौरान कई लोगों के कपड़े तक फट गए थे। ऐसे में आस-पास के लोगों ने सभी शवों को एक तरफ किया। इसके बाद जिन लोगों के कपड़े तक फट गए थे। उनके शरीर को उनके पास रखे कपड़े और गमछों से ढका। पुलिस का कहना है कि हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें डंपर चालक 100 कि.मी. प्रति घंटे से अधिक की स्पीड में था है। शराब के नशे में मिले डंपर चालक को लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया था और उसकी जमकर पिटाई कर दी, पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया है, अब मेडिकल के बाद उससे पूछताछ होगी।

हरमाड़ा क्षेत्र में लोहा मंडी रोड पर उस समय चीख-पुकार मच गई, जब एक बेकाबू डंपर ने सड़क किनारे खड़े दो सगे भाइयों को रौंद डाला। हादसे में मुरली (32) और सुरेश (28) नामक दोनों हलवाई भाइयों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों पूरे दिन एक शादी समारोह में मिठाई बनाने का काम निपटाकर घर लौट रहे थे।इसी दौरान दोनों गुटखा खाने के लिए दुकान के पास रुके, यह उनके जीवन का आखिरी पल साबित हुआ।



**हादसे के बाद मृतकों व घायलों के परिजनों की रूलाई फूट पड़ी, जिन्हें अन्य परिवारजन सांत्वना दिलाते रहे।**

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुनी आमजन की समस्याएं



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई की।**

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई की। उन्होंने जनसुनवाई में आई महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को सबसे पहले सुना और अधिकारियों को उनकी परिवेदनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने जनसुनवाई में आए लोगों की कई समस्याओं का संतोषजनक निस्तारण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई में परिवादी अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से बड़ीह उम्मीद रखते हैं। ऐसे में अधिकारी उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध निस्तारण करें तथा अधिकारी पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता से काम करते हुए लोगों को राहत दें। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी नियमित रूप से स्थानीय स्तर पर जनसुनवाई करें तथा आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण प्राथमिकता से हो। सिकराय के नरेन्द्र के बड़े भाई रामअवतार सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित हैं, जिनका सिलिकोसिस कार्ड नहीं बनने से योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। इस संबंध में नरेन्द्र ने जब मुख्यमंत्री के सामने यह पीड़ा रखी, तो शर्मा ने तुरंत अधिकारियों को रामअवतार का सिलिकोसिस कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। नरेन्द्र ने अपनी समस्या के समाधान पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। शर्मा ने इस दौरान कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के पोस्टरों का विमोचन किया।

**■ सीएम ने निर्देश दिए कि, अधिकारी, लोगों की परिवेदनाओं को प्राथमिकता से निस्तारित करें**

# खनिज प्रधान राज्यों की अनुमतियां जल्द लेने की कवायद पर मंथन

## उडीसा, छत्तीसगढ़, गुजरात और मध्यप्रदेश से अनुमति प्राप्ति में लगने वाले समय व इस प्रक्रिया के सरलीकरण पर अध्ययन कर रहा खनन विभाग

**जयपुर ।** देश के खनिज प्रधान प्रमुख प्रदेशों की नीलाम खानों को शीघ्र परिचालन में लाने के लिए आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने की बेस्ट प्रेक्टिसेज को अपनाया जाएगा। प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने यह जानकारी सोमवार को सचिवालय में निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खनिज प्रधान प्रमुख प्रदेश उडीसा, छत्तीसगढ़, गुजरात और मध्यप्रदेश आदि में अनुमतियां प्राप्ति में लगने वाले समय और आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने की व्यावहारिक प्रक्रिया का अध्ययन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राप्त अध्ययन रिपोर्ट का विश्लेषण कर व्यावहारिक प्रक्रिया को अपनाया जायेगा।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार विभाग व संबंधित विभागों से एसओपी जारी कराई जाएगी ताकि एलओआई धारक अनुमतियों के लिए आवश्यक दस्तावेज एसओपी के अनुसार प्रस्तुत कर सके। उन्होंने बताया कि इससे आवश्यक अनुमतियों के लिए प्राप्त आवेदनों में अपूर्ण या आवश्यक दस्तावेजों का अभाव नहीं रह सकेगा और इस कारण से आवेदन पर त्वरित निर्णय किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अनावश्यक देरी को निरुत्साहित किया जाएगा। एम्पेनल्ड विशेषज्ञों द्वारा भी आधी अधूरी सूचनाओं के साथ आवेदन प्रस्तुत नहीं करवाया जा सकेगा।

रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा नीलाम खानों को तय समय सीमा में आवश्यक अनुमतियां उपलब्ध कराकर परिचालन में लाने पर जोर दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा भी इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिस तरह से खान विभाग नीलाम खानों को शीघ्र परिचालन में लाने के लिए समग्र व समन्वित प्रयास कर रहा है उसी तरह से एलओआई धारकों और संबंधित विभागों व संस्थाओं को भी आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि यह निवेश, रोजगार और रेवेन्यू से जुड़ा है और प्रदेश के समग्र आर्थिक विकास में भागीदारी का प्रयास है।निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि विभाग स्तर से संबंधित विभागों और एलओआई धारकों से समन्वय बनाया जा रहा है और नीलाम खानों को शीघ्र परिचालन में लाने के लिए अनुमतियां दिलाने के लिए तकनीकी सहयोग व मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

बैठक में अतिरिक्त निदेशक महेश माथुर, अतिरिक्त निदेशक आईटी शीतल शर्मा, अधीक्षण खनि अभियंता एनएस शक्तावत, प्रभारी फेसिलिटेशन सेल प्रताप मीणा, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, अधीक्षण भूविज्ञानी एरियल सर्वे सुनील वर्मा और डेलाइट के प्रतिनिधियों ने आवश्यक सुझाव दिए।



**खनन विभाग के प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने सोमवार को सचिवालय में निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।**

# कृषि मण्डियों में 13 करोड़ रुपये के विकास कार्य होंगे

**जयपुर ।** राज्य सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कृषि से संबंधित सेवाओं और सुविधाओं का निरंतर विस्तार कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की विभिन्न मण्डियों में विकास कार्यों के लिए 13 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री की स्वीकृति के अनुसार कृषि उपज मण्डी समिति, अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर), पूगल रोड-अनाज (बीकानेर) और मालपुरा (टोंक) इत्यादि में 13 करोड़ 45 लाख से अधिक की राशि से मण्डी यार्ड के निर्माण कार्य, विद्युत संबंधी कार्य एवं सम्पर्क सडकों के निर्माण कार्य करवाये जायेंगे।

इसी प्रकार, कृषि उपज मण्डी समिति, सुमेरपुर की गौण मण्डी फल-सब्जी, सिरोही में प्रथम चरण के तहत भूखण्ड आवंटन हेतु आरक्षित दर का निर्धारण एवं कृषि उपज मण्डी समिति, बस्सी (जयपुर) के गौण मण्डी यार्ड तूंगा में चिन्हित और रिक्त भूखण्डों का प्रथम चरण के तहत आवंटन किये जाने का अनुमोदन भी किया गया है।

इससे मण्डी क्षेत्रों में व्यापार प्रारम्भ होने पर किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य उत्पादन क्षेत्र के नजदीक ही मिल सकेगा। साथ ही, उनके परिवहन खर्चे में कमी भी आएगी।

# चिकित्सा मंत्री में घायलों के बेहत्तर उपचार के निर्देश दिए

**जयपुर ।** चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सोमवार को सीकर रोड पर हरमाड़ा में हुए सड़क हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में दिवंगत हुए व्यक्तियों की आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही, हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

घटना की जानकारी मिलते ही चिकित्सा मंत्री सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचे और हादसे के मृतकों तथा घायलों के बारे में जिला प्रशासन एवं अस्पताल प्रशासन से पूरी जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को घायलों को त्वरित एवं बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। साथ ही, कांवटिया एवं अन्य अस्पतालों में भर्ती घायलों को भी बेहतर उपचार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि घायलों के उपचार में किसी तरह की कमी नहीं रहे। इससे पहले घटना की जानकारी मिलते ही चिकित्सा मंत्री ने दूरभाष पर वार्ता कर सवाई मानसिंह अस्पताल एवं कांवटिया अस्पताल प्रशासन को अलर्ट करते हुए घायलों के उपचार के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए थे। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को घायलों का जीवन बचाने के लिए उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने के भी निर्देश दिए हैं।

चिकित्सा मंत्री ने सवाई मानसिंह अस्पताल में हादसे को लेकर जिला प्रशासन एवं अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा भी की। इस दौरान खाद्य मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, उद्योग राज्यमंत्री केके विश्नोई, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, संभागीय आयुक्त पूनम, पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल, कलेक्टर जितेन्द्र सोनी, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी, ट्रोमा सेंटर के प्रभारी डॉ. बीएल यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



**चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सोमवार को हरमाड़ा हादसे के बाद सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचकर मृतकों तथा घायलों के बारे जानकारी ली और घायलों का बेहत्तर उपचार करने के निर्देश दिए।**

# कोरियाई दल ने जयपुर फुट की निर्माण विधि देखी



**कोरिया एम्पलायमेन्ट एजेन्सी फॉर पर्सन्स विथ डिसेबिलिटी के एक दल ने जयपुर जयपुर फुट की निर्माण विधि का अवलोकन किया।**

**जयपुर।** कोरिया के विकलांगों को रोजगार उपलब्ध कराकर उनका पुर्नवास करने वाली संस्था कोरिया एम्पलायमेन्ट एजेन्सी फॉर पर्सन्स विथ डिसेबिलिटी (के.इ.ए.डी) के एक दल ने विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस) में जयपुर फुट की निर्माण विधि का अवलोकन किया।

के.इ.ए.डी की जयपुर यात्रा का उद्देश्य विश्व की विकलांगो के पुर्नवास के लिए किए जा रहे प्रयासों का अध्यन करना और किस बी.एम.वी.एस.एस प्रकार विकलांगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाता है इसको जानकारी लेना था।

के.इ.ए.डी के अध्यक्ष जॉग सियोंग ली के नेतृत्व में आए पॉच सदस्यों दल का बी.एम.वी.एस.एस को संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर.मेहता और सचिव (तकनीकी) डॉ. दीपेन्द्र मेहता ने स्वागत किया और दल को जयपुर फुट की निर्माण विधि की जानकारी दी।

दल को यह जानकरी प्रसन्न हुए कि बी.एम.वी.एस.एस विकलांगो को अपने समिति साधनों के बावजूद ट्राइसाईकिल, व्हीलचेयर, बैशाखियाँ, श्रवण यंत्र आदि के अलावा रोजगार के लिए चाय का स्टाल लगाने के लिए बर्तन आदि उपलब्ध कराता है।

दल को बताया कि ट्रायसाईकिल पर विकलांग फेरी लगाकर सब्जी आदि बेचकर आमदानी कैस करते है। यह सभी सामान विकलांगो को निरूशुल्क उपलब्ध कराए जाते है।

दल ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त कि बी.एम.वी.एस.एस के कई कर्मचारी स्वयं विकलांग है, जिन्हें प्रशिक्षित कर रोजगार दिया गया।

दल नायक जॉग सियोंग ली ने बताया कि के.इ.ए.डी और कोरिया की नैशनल एबिलिन्पिक एसोसिएशन बी.एम.वी.एस.एस के साथ सहयोग कर विकलांगो को रोजगार उपलब्ध कराने में सहयोग देगा। इस दल के के.इ.ए.डी के प्रमुख पदा्धिकारी शामिल थे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पतंजलि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बांटी उपाधियां

## पतंजलि विवि. का हर विद्यार्थी ‘जॉब सीकर’ नहीं बल्कि ‘जॉब क्रिएटर’ है : स्वामी रामदेव

**हरिद्वार ।** पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विश्वविद्यालय के स्नातक, परास्नातक एवं शोधार्थियों को उपाधियाँ और स्वर्ण पदक प्रदान किए। राष्ट्रपति से पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में साध्वी देवपूजा, देवेन्द्र सिंह (स्वामी इन्द्रदेव), मानसी (साध्वी देववाणी), अजय कुमार (स्वामी आर्षदेव), रीता कुमारी (साध्वी देवसुधा), शालू भदौरिया (साध्वी देवशीला), अंशिका, प्रीति पाठक, पूर्वा तथा मैत्रेई रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस दीक्षांत समारोह में 64 प्रतिशत स्वर्ण पदक छात्राओं ने प्राप्त किए हैं। हमारी यही बेटियां भारत का गौरव बढ़ा रही हैं और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि योग, आयुर्वेद और अध्यात्म के क्षेत्र में पतंजलि ने जो कार्य किया है, वह महर्षि पतंजलि की परंपरा को आगे बढ़ाने का महान प्रयास है। विशिष्ट अतिथि एवं उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने कहा कि योग और आयुर्वेद के माध्यम से पतंजलि ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई क्रांति ला दी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार नई शिक्षा नीति को लागू कर उत्तराखंड को शोध, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड के निर्माण के इस संकल्प में पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन से पूरा पतंजलि परिवार गौरवान्वित है। पतंजलि विश्वविद्यालय का हर विद्यार्थी ‘जॉब सीकर’ नहीं बल्कि ‘जॉब क्रिएटर’ है। यहां शिक्षा का आधार किसी जाति या धर्म पर नहीं बल्कि सनातन सिद्धांतों पर आधारित है।

कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सफलतापूर्वक लागू किया है। यह नीति शिक्षा को रोजगारपरक, बहुविषयक और मूल्य-आधारित बनाने का लक्ष्य रखती है।

उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से 3.48 ग्रेड पॉइंट के साथ ग्रेड प्राप्त किया है, जो इस संस्थान की उच्च गुणवत्ता का प्रमाण है।

राज्यपाल गुरमीत सिंह द्वारा फ्लोरा ऑफ राष्ट्रपति भवन और मेडिसिनल प्लांट ऑफ राष्ट्रपति भवन पुस्तकों का विमोचन किया गया, जिनकी प्रथम प्रतिलिपि राष्ट्रपति को भेंट की गई। दीक्षांत समारोह में कुल 1424 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गई, जिनमें 54 स्वर्ण पदक विजेता, 62 शोधार्थी (पीएच.डी.), 3 डीलिट उपाधिधारी, 744 स्नातक और 615 परास्नातक विद्यार्थी शामिल रहे।



**पतंजलि विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने किया।**

**■ पतंजलि विश्वविद्यालय को विश्व के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों की श्रेणी में लेकर जायेंगे : आचार्य बालकृष्ण**

## सार-समाचार

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिला कलैक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से ज़िले के स्वास्थ्य केंद्रों पर आमजन के लिए उपलब्ध जांच सुविधाएँ, टीकाकरण सुविधा, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, जननी सुरक्षा योजना, कुसुम योजना, आरडीएसएस योजना कि वर्तमान प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए इन योजनाओं के माध्यम से आधिकाधिक संख्या में पात्र लोगों को लाभान्वित करने की बात कही। उन्होंने नर्मदा प्रोजेक्ट के अधिकारियों से जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत एफआर, डीआर, ईआर, सीलू जैसला भाटकी परियोजना की वर्तमान प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए हर घर जल योजना के तहत अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को एफएचटीसी कनेक्शन देने एवं पेयजल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जिले में संचालित ग्रामीण सेवा शिविर के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अधिक संख्या में पत्र ग्रामीणों को लाभान्वित करने तथा राज्य स्तर पर जिले के रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार जिले में वोटर लिस्ट संबंधी विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) कार्यों को पारदर्शिता के साथ एवं तय समयसीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधर सिंह सोढा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

### शहरी सेवा शिविर के फोलोअप कैंप

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में ''शहरी सेवा शिविर-2025'' के फोलोअप कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को नगर परिषद जालोर के वार्ड 1 से 8 तक के लिए नगर परिषद जालोर के सभागार में फोलाअप कैम्प का आयोजन किया गया। नगर परिषद जालोर के आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि फोलोअप कैम्प में आबादी भूमि नियमन, कृषि भूमि नियमन, भवन निर्माण स्वीकृतियाँ, नामान्तरण, उप विभाजन प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन इत्यादि से संबंधित आवेदन पत्र किए गए। शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया गया। नगरपरिषद जालोर क्षेत्र में ''शहरी सेवा शिविर-2025'' के फोलोअप कैम्प के निर्धारित कार्यक्रम के तहत 4 नवम्बर को वार्ड सं. 9 से 16 तक, 6 नवम्बर को वार्ड सं. 17 से 24 तक, 7 नवम्बर को वार्ड सं. 25 से 32 तक तथा 8 नवम्बर को वार्ड सं. 33 से 40 तक के लिए प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक नगर परिषद सभागार जालोर में फोलोअप कैम्प का आयोजन किया जायेगा। नगर परिषद जालोर के आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि फोलोअप कैम्प में सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक रोशनी व्यवस्था, सड़क मरम्मत/पेच वर्क के प्रस्ताव, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजियन, समस्त प्रकार की ऑनलाइन सर्विसेज सम्बधित कार्य पार्किंग स्थलों एवं प्रमुख चौराहां, डिवाइडरों का रख रखाव एवं सौंदर्यीकरण कार्य के साथ भूमि सम्बधित कार्य जैसे 69-ए पटटा 90-ए/90-बी के तहत लीज होल्ड पट्‌टे, भू-उपयोग परिवर्तन, नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण उपविभाजन/पुनर्गठन भवन निमार्ण स्वीकृति जारी करना इत्यादि कार्यों के शिविर में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया जायेगा।

### सीसी सड़क निर्माण का निरीक्षण

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलैक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने आज मोकलसर गांव का दौरा किया और वहां अटल पथ के सीसी निर्माण कार्य का गहन निरीक्षण किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर चौहान ने मोकलसर गांव से रेलवे पुल के नीचे प्रस्तावित और निर्माणाधीन सडक के कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण कर सडक निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह अटल पथ बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बडी सुविधा मिलेगी। उन्होंने इस सडक परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता से और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। चौहान ने निर्माण स्थल पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी तरह की कमी न रहे और गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन किया जाए ताकि यह सडक लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे और आमजन को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सडक निर्माण के दौरान जल निकासी का विशेष ध्यान रखें ताकि मार्ग में कही भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। साथ ही सडक निर्माण के दौरान नियमित जल से तराई करने के निर्देश दिए ताकि सडक मजबूत बने। यह सीसी निर्माण पूरा होने पर क्षेत्र के कई गांवों के लोगों के लिए आवागमन सुगम हो जाएगा।

### 'गणना प्रपत्र भरवाने में बनें सहायक'

**बालोतरा**, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र पचपदरा की विधानसभा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए सोमवार नगर परिषद सभागार में बीएलओं एवं सुपरवाईजर का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने सभी बीएलओं एवं सुपरवाईजर को संबोधित करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत पारदर्शिता के साथ कार्य करें। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करें। किसी भी स्तर पर त्रुटि की गुंजाइश नही रहे। बीएलओ मतदाता से गणना प्रपत्र भरवाने में सहायक बने। प्रशिक्षण के दौरान दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा सभी बीएलओं एवं सुपरवाईजर को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य म के तहत गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होने बताया कि विशेष पुनरीक्षण कार्य म के अन्तर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसंबर की अवधि में बीएलओ 3 बार मतदाताओं के घर पर जाएंगे जिसमें प्रथम भ्रमण में घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरण करेंगे। जिसको मतदाता स्वयं पहले भरेंगे और अपनी एक वर्तमान कलर पासपोर्ट साइज फोटो निर्धारित स्थल पर चस्पा करेगें। बीएलओ गणना प्रपत्र भरने में मतदाता की सहायता करेगें।

### शारीरिक शिक्षा शिक्षकों ने पदोन्नति मांगी

**जालोर**, (कासं)। वर्तमान में शारीरिक शिक्षा कैडर के उच्च पद कम होने के कारण वर्षो से पदोन्नति नहीं हो रही है। इस संवर्ग ने प्रथम पदोन्नति के पद मात्र 18 प्रतिशत है जबकि साथ के अन्य कैडर में 55 से 60 प्रतिशत पदोन्नति हो रही है । खेल के शिक्षक यह दंश वर्षो से झेल रहे है और पदोन्नति से दूर होते जा रहे हैं। सोमवार को कैडर की दुरूस्ती व पदौन्नति विसंगतियों को दूर करने के लिए राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ की ओर से जिला कलक्टर और सभी उपखंड अधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री,मुख्य सचिव ,वित सचिव व निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान बीकानेर को संघ की ओर से ज्ञापन प्रेषित किया गया। राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के जिला सचिव गणपतसिंह मंडलावत ने बताया कि इस मांग को कर्मचारी महासंघ ने भी प्रमुखता से प्रदेश स्तर पर उठाया है। प्रदेशाध्यक्ष हापूराम चौधरी,गंभीरसिंह प्रदेश मुख्य महामंत्री सहित प्रदेश संगठन के आव्हान पर जिले में शारीरिक शिक्षकों ने प्रदेश उपाध्यक्ष चंदनसिंह चंपावत के नेतृत्व में ज्ञापन देकर अपनी मांगी आगे प्रेषित की। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष जयनारायण परिहार उदयसिंह हीरालाल सोलंकी नरेशकुमार लोहार रमेशदान राव सज्जनकुमार अनंत प्रकाश पारसमल पंखु सोलंकी मिश्रीमल भंवरलाल बालाराम आदि मौजूद थे।

### विद्यालय आवंटन के लिए काउन्सलिंग

**पाली**,(नि.सं.)। निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर कें प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती 2022 अन्तर्गत लेवल-प्रथम/द्वितीय (सामान्य विशेष शिक्षा) के पद पर अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों मुख्य सूची प्रतिक्षा सूची के पाली जिला में आवंटित अभ्यर्थियों को विद्यालय आवंटन के लिए काउन्सलिंग का आयोजन 6 नवम्बर को प्रातः 11:00 बजे से कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा पाली में किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी राहुल कुमार राजपुरोहित ने बताया कि अंतिम रुप से चयनित अध्यापक भर्ती 2022 प्रोवीजनल सूची के अभ्यर्थियों की संख्या नवचयनित अभ्यर्थियों के पंजीयन का समय अध्यापक लेवल प्रथम (सामान्य व विशेष शिक्षा) के लिए, टीएसपी क्षेत्र के 07 अभ्यर्थी व नॉन टीएसपी क्षेत्र के 07 अभ्यर्थी कुल 14 अभ्यर्थी के लिए, नवचयनित अभ्यर्थियों के पंजीयन का समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा काउन्सलिंग प्रारम्भ होने का समय दोपहर 12:00 बजे तक रहेगा। काउन्सलिंग शिविर में विलम्ब से उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग कक्ष में काउन्सलिंग पूर्ण के पश्चात प्रवेश दिया जायेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी स्वयं की होगी।

# आवारा पशुओं को गौशाला छोड़ने का अभियान शुरू

**जालोर**, (कासं)। नगरपरिषद क्षेत्र जालौर की सीमा में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, मुख्य मार्गो, गलियों में चौपाया दुधारू, पालतु, आवारा पशुओ का दिनों-दिन अत्यधिक संख्या में वृद्धि हो रही थी, जिसके कारण आये दिन राहगीरों को चोटिल किया जाकर जानमाल को नुकसान पहुंचाया जा रहा था, ऐसी परिस्थिति में आमजन को आवागमन में हो रही असुविधा को मद्देनजर रखतें हुए शहर में आमजन की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखतें हुए नगरपरिषद जालोर के आयुक्त अशोक कुमार शर्मा ने ''निकाय क्षेत्र जालोर में आवारा/निराश्रित पशुओं को पकड़ने के कार्य'' के ठेकेदार मैसर्स परिहार कन्स्ट्रक्शन, जालौर को जरियें नोटिस जारी कर सूचित किया गया।

आयुक्त अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि जिसके पश्चात् उक्त ठेकेदार के स्वंय के द्वारा टीम का गठन कर निकाय क्षेत्र में 1 नवम्बर से पुनः आवारा/निराश्रित पशुओं को पकडनें के कार्य के लिए विशेष अभियान प्रारम्भ किया गया। उक्त अभियान के दौरान संबंधित ठेकेदार द्वारा पशुओं को पकडनें के लिए विशेष टीम, टैक्टर, पशु पिंजरा लगाकर जानवर एकत्रित करके 1 नवम्बर को रात्री में कुल 12 गाय और नंदी को मांडवला जैन गौशाला में सुपुर्द किया गया तथा 2 नवम्बर को रात्री में पशु धरपकड़ अभियान चलाकर 12 पशु जिसमें 8 बैल और 4 गाय को मांडवला स्थित जैन गौशाला में छोड़े गया है।



जालोर नगर परिषद् की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में छोड़ा जा रहा है। फोटो-राष्ट्रदूत

इसके साथ ही आयुक्त अशोक कुमार शर्मा ने आमजन से अपील की गयी कि आम खास/पशुपालको को सूचित किया जाता है कि अपने पालतु/दुधारू पशु यथा गाय, बैल, सांड, भैस, बकरी, घोडा, सुअर, कुत्ता, एवं अन्य चौपाया पशु को घर एवं बाडे में बांधकर रखे इन्हे किसी भी स्थिति में खुला नहीं छोडा जावें।

यदि किसी मार्ग पर या सार्वजनिक स्थानों पर पशु घुमता हुआ पाया गया तो नगरपरिषद की गटित टीम के द्वारा पकडकर राजकीय गौशाला में भेजा जावेगा या शहर से बाहर किया जायेगा। इसके साथ ही राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 नियम 248 के उप नियम (01) अन्तर्गत संबंधित मालिक के जुर्माना एव शास्ति वसूल की जावेगी। पशु दोबारा पकड़े गयें तो दो गुना जुर्माना राशि वसूल/निलामी की जावेगी।

# नारी समाज की धुरी है : प्रेम कंवर चितलवाना



जालोर के पास पचानवा में क्षत्रिय युवक संघ ने मातृशक्ति प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। क्षत्रिय युवक संघ जालोर की ओर से चार दिवसीय मातृशक्ति प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर रविवार को जालोर के पचानवा गांव स्थित आशापुरा रिसोर्ट में प्रारंभ हुआ।

शिविर प्रमुख प्रेम कंवर चितलवाना ने सभी स्वयं सेविकाओं के भाल पर तिलक लगाकर प्रार्थना के साथ शिविर का शुभारंभ किया।

स्वागत उद्‌बोधन में उन्होंने कहा कि सदियों से राष्ट्र के यश और कीर्ति को जीवंत रखने में क्षत्राणियों का अद्वितीय योगदान रहा है। वर्तमान के इस भौतिकवादी युग में कहीं हम अपनी गौरवशाली क्षात्र परम्परा को भूल न जाएं इसलिए संघ आज समाज के मध्य ऐसे संस्कार शिविर आयोजित कर ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाता है, ताकि उस परम्परा को निभाने का हमारा अभ्यास बना रहें। क्षत्राणियों के संस्कार व चारित्रिक पवित्रता के कारण स्वयं भगवान ने भी क्षत्रिय के घर अवतार लिए है। उस पवित्रता को बनाये रखना ही एक क्षत्राणी का सच्चा धर्म है। वह अपने मूल स्वरूप को पहचानकर आज के इस प्रदूषित वातावरण में अपनी मर्यादाओं व उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें तभी उसका जीवन सच्चे अर्थो में सार्थक हो सकेगा।

शिविर में प्रातः कालीन जागरण से लेकर अर्थबोध, खेलों, सहगान, बौद्धिक और चर्चाओं के माध्यम से क्षत्रियोचित जीवन के सर्वांगीण विकास का अभ्यास करवाया जा रहा हैं। जवाई नदी के तट पर प्रकृति की गोद में स्थित मनोरम शिविर स्थल पर जालोर, पाली और सिरोही जिले की 185 बालिकाएँ क्षात्रधर्म का प्रशिक्षण ले रही हैं। पथक शिक्षिकाओ की जिम्मेदारी ओम कंवर निम्बो का वास, बालू कंवर माण्डाणी, डिम्पल कंवर विरोल, विजय लक्ष्मी मालपुरा, सुमन कंवर प्रतापगढ, साक्षी कंवर जाविया, जयश्री कंवर आलावा और दुष्यंत कंवर बलुपुरा निभा रही हैं तो शिविर संचालन में विस्तार प्रमुख हिमानी कंवर मालपुरा के अलावा पिंकू कंवर धीगांणा और सुमन कुंवर बेदाना सहयोगी के तौर पर भाग ले रही हैं।

## जोधपुर से किराए पर ली कार टैक्सी को आबू में लूटा

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर रेलवे स्टेशन से एक कार टैक्सी चालक को आबू ले जाकर लूट लिया गया। तीन बदमाशों ने उससे मारपीट कर डराने धमकाने के बाद कार लेकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित ने मामले को लेकर आबू रोड थाने में आज सुबह रिपोर्ट दी है। मामले को लेकर पीड़ित का जुबानी वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस मामले में अब गंभीरता से जांच कर रही है।

सुरेश कुमावत नाम के शख्स ने आबू रोड थाने में रिपोर्ट दी है। उसका कहना है कि रविवार को वह अपनी कार टैक्सी लेकर जोधपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ा था। तब तीन शख्स आबू रोड चलने का कहकर आए। इस पर दस रूपए प्रतिकिलोमीटर के हिसाब से किराया और टोल का अलग से बताया था। बाद में यह लोग कार में सवार हो गए। पीड़ित सुरेश कुमावत का कहना है कि आबू पहुंचने पर वहां एक सर्किल से गाड़ी को मोडऩे के लिए कहा फिर नदी के पुल पर जंगल के कच्चे रास्ते से लेकर गए। उसे कहा कि दो सौ मीटर की दूरी पर ही उनका घर है। इस बीच बदमाशों ने लघुशंका करने की बात की। उसे भी लघुशंका करने को कहा, मगर सुरेश ने मना कर दिया। तब एक बदमाश ने कार की चाबी निकाल ली और दो अन्य ने उसे पकड़ लिया। उससे मारपीट करने लगे। तब पीड़ित जैसे- तैसे गाड़ी की फाटक खोलकर बाहर आया। उससे रूपए भी छीनने का प्रयास किया गया। मगर वे कामयाब नहीं हुए। वह अपनी जान बचाकर भाग गया। पीड़ित ने इसके बाद तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष 100 नंबर पर डायल कर जानकारी दी।

घटना की जानकारी पर आबू रोड पुलिस वहां पहुंची। पीड़ित ने आबू रोड थाने में रिपोर्ट दी है।

# जालोर में रावणा राजपूत समाज के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया

**जालोर**, (कासं)। जिला रावणा राजपूत महासभा एवं युवा महासभा संस्था जालोर के सयुंक्त तत्वावधान में गत दिनों आयोजित महासम्मेलन व भव्य शोभा यात्रा के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह सोमवारको रावणा राजपूत छात्रावास जालोर में जिलाध्यक्ष महासभा राजू सिंह राजपुरा की अध्यक्षता व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष युवा महासभा श्रवण सिंह सिसोदिया के आतिथ्य में आयोजित किया गया।



जालोर में जिला रावणा राजपूत महासभा का कार्यकर्ता सम्मान समारोह हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

कार्यक्रम प्रभारी वीरेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि कार्यक्रम मे 23 सितम्बर हाईफा हीरो मेजर दलपत सिंह देवली के बलिदान दिवस के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओ का सम्मान किया गया, कार्यक्रम के सह प्रभारी दलपत सिंह चौहान व अभिमन्यु सिंह मांगलिया ने बताया कि कार्यक्रम में जिला संयोजक टीम, तहसील अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, पट्टी अध्यक्ष के साथ बस व्यवस्था के भामाशाह का भी सम्मान किया गया, कोष प्रभारी किशोर सिंह परमार ने महासम्मेलन का आय व्यय ब्यौरा पेश किया। चुनाव अधिकारी महेंद्र सिंह नारनावास ने युवा महासभा जिला अध्यक्ष चुनाव की रूप रेखा प्रस्तुत की। श्रवण सिंह सिसोदिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता ही सबसे बडा भामाशाह व नीव की ईट होता है, जिनका सम्मान किया जाना सभी का नैतिक दायित्व होता है। राजू सिंह राजपुरा ने कहा कि समाज मे जिला स्तरीय आयोजन किये जाते रहेंगे व सामाजिक कुरतियों को दूर किया जायेगा, और समाज के विरुद्ध कोई टिप्पणी करता है, तो उसे समय आने पर उचित जवाब दिया जायेगा। सम्मान समारोह में राजू सिंह बडगांव, अर्जुन सिंह मांगलिया, मोहब्बत सिंह भीनमाल, बिशन सिंह सोलंकी,अचल सिंह परिहार,मदन सिंह गेहलोत, जीतू सिंह केशवना, अर्जुन सिंह पंवार सूर्यपाल सिंह मांगलिया,जीतेन्द्र सिंह नाथावत, उत्तम सिंह परमार, सोमेश्वर सिंह भीनमाल, दलपत सिंह आहोर,अभय सिंह मांडवला,श्रवण सिंह पहाडपुरा, शैतान सिंह बिछावाडी, किशन सिंह कवराडा, राजेंद्र सिंह सियाणा,श्रवण सिंह सायला,करण सिंह मालपुरा, वीरेंद्र सिंह सायला,मोड सिंह सियाणा, मंगल सिंह, कालू सिंह राजीकावास, हडमत सिंह बाकरा, चौप सिंह बाकरा, बाबूसिंह गुडा इंद्रपुरा, नारायण सिंह कवराडा, परबतसिंह गहलोत, लाल सिंह पिजोपुरा, छैल सिंह सियाणा, किशोर सिंह आहोर, लक्ष्मण सिंह मांगलिया, सरदार सिंह नारनावास, सुरेंद्र सिंह मांगलिया, हडमत सिंह सोलंकी, हडमत सिंह दहिया, गणपत सिंह पहाडपुरा, हनुमान सिंह पहाडपुरा जीतू सिंह मांगलिया, बाबु सिंह मांगलिया, सूरज सिंह सोलंकी,नरपत सिंह सोलंकी,भवानी सिंह सोलंकी, विक्रम सिंह परमार,भंवर सिंह भाटी, श्रीपाल सिंह मांगलिया, हेमेंद्र सिंह परमार,नाथू सिंह गेहलोत, जेठू सिंह बडगुर्जर,भंवर सिंह बडगाव,प्रताप सिंह राजीकावास आदि उपस्थित हुए।

## सार-समाचार

### प्रकाश पर्व की निमंत्रण पुस्तिका जारी

**बालोतरा**, निसं)। संत श्री लिखमाराम जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित 10 वें दिन के कार्य म में आज श्रद्धा और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर प्रकाश पर्व की निमंत्रण पुस्तिका का विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और युवाओं के बीच दौड प्रतियोगिता, रस्साकसी और दादा पोता दौड रेस का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में समाज के छात्र छात्राओं, महिलाओं और पुरुषों ने बढ-चढकर भाग लिया और उत्साहपूर्वक सहभागिता की। माली समाज विकास समिति के अध्यक्ष बाबूलाल गहलोत ने बताया कि समाज में एकता और सद्भावना बनाए रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी समाजबंधुओं से संत श्री लिखमाराम जी महाराज के प्रकाश पर्व के मुख्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जो कैलाश मेमोरियल संस्थान की ओर से रखा गया था। इसमें श्रीराम हॉस्पिटल से आए छह डॉक्टरों की टीम ने 250 से अधिक रोगियों की निःशुल्क जांच की और आवश्यक परामर्श प्रदान किया। मेडिकल शिविर में कैलाश मेमोरियल संस्थान के अध्यक्ष गजेन्द्र पंवार, सदस्य मुकेश पंवार, सूरज गहलोत, कांतिलाल गहलोत, गणपत गहलोत, पुष्पराज पंवार, देवाराम पंवार, प्रवीण टाक, अशोक सोलंकी, महेंद्र,तेजेंद्र परिहार, खीमराज, अशोक, भरत, देवाराम, हितेश परिहार, गणपतजी सुरेशजी, मानकजी, महेंद्रजी, सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी रामस्वरूप पंवार ने बताया कि आगामी दिनों में प्रकाश पर्व के तहत विविध सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### बिरसा मुंडा जयंती पर विशेष आयोजन

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में जैसलमेर जिले में 1 नवंबर से 15 नवंबर, 2025 तक विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े भर चलने वाली गतिविधियों का उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा के अद्वितीय योगदान, संघर्ष एवं जनकल्याण के प्रति समर्पण को जन-जन तक पहुंचाना है। 2 नवंबर को जिले की समस्त 950 ग्राम पंचायत मुख्यालयों एवं ई-मित्र एवं सीएससी केंद्रों पर विशेष कैम्प आयोजित किए गए। इन कैम्पों का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना रहा। इन कैम्पों के माध्यम से कुल 2,968 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। 3 नवंबर को माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत संचालित समस्त विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी एवं उनके आदर्शों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में निबन्ध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने विचारों व कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जनजाति गौरव वर्ष के अंतर्गत 4 नवंबर को जिले के सभी महाविद्यालयों में भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित भाषण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवा वर्ग में जनजातीय नायक बिरसा मुंडा की स्मृति एवं उनके योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा के विचार आज भी समाज में प्रेरणा स्त्रोत हैं, और उनकी जयंती को एक अवसर के रूप में लेकर उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### 'श्रावक को क्रोध नहीं करना चाहिए'

**जोधपुर**, (कासं) । चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने सोमवार को अपने प्रवचन में कहा कि श्रावक को क्रोध नहीं करना चाहिए। जीव की इच्छा के अनुसार काम नहीं होता होने पर प्रायःक्रोध आ जाता है। इसलिए नियति को स्वीकार करना सीख लें। बहुत मेहनत करने के पश्चात भी काम नहीं हुआ तो आप चिंतन करे कि यह बहुत अच्छा हुआ। हम बुरे से बच जायेंगे एवं शायद कोई अच्छा काम होना है। उन्होंने कहा कि आज भौतिकता की चकाचौंध में फिसलने की संभावना ज्यादा रहती है अतः अच्छे आदमी को अच्छा बनाये रखना एक महती आवश्यकता है। हमको अपनी इच्छाओं का त्याग करने से बहुत निर्जरा होती है। आज ललिता मेहता ने गुरु भगवंतों एवं महासती आदि ठाणा के चातुर्मास की उपलब्धियां बताते हुए आभार व्यक्त किया एवं भावभीनी विदाई गितिका से क्षमायाचना की। साध्वी ने अपने प्रवचन में कहा कि हमें समभाव से रहना है, परिस्थितियां चाहे कैसी भी हो मन की स्थिति को सही रखना है। मिला। नियति में शादी नहीं थी, पटरानी नहीं बनना था,यह अच्छा हुआ जमीन के झगड़ों में आप छोड़ने का पुरुषार्थ करना। मालिक वह है जो छोड़ता है एवं गुलाम वह जो पकड़ता है। झगड़े में केस जीत भी गए तो वह जमीन अमंगल ही होगी। परिवार में सासुमा, पिता भाई का पद राग छोड़ने से बहुत सी क्रिया एवं पाप से बचते हैं। पदवी का राग छोड़ने पर अनुकूलता मिलती है। संघ के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि पांच नवंबर को भव्य चातुर्मास का विधिवत समापन होगा। संतों की वाणी सुनने के लिए श्रावक श्राविकाओं की भीड़ उमड़ रही है।

### ऋषिकुलधाम में संत सम्मेलन कल

**जोधपुर**, (कासं) । ऋषिकुलधाम सेवा संस्थान ट्रस्ट की ओर से शक्ति नगर गली नंबर 4, पावटा सी रोड स्थित ऋषिकुलधाम में विशाल संत सम्मेलन 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित किया जाएगा। ऋषिकुलधाम सेवा संस्थान ट्रस्ट के ट्रस्टी भंवरलाल बाहेती ने बताया कि शुभ अवसर पर देश के विभिन्न कोणों से हरियाणा, हरिद्वार, वृंदावन, बनारस, मध्य प्रदेश, मुंबई एवं राजस्थान के विभिन्न राज्यों से संत एवं भक्तजनों का पदार्पण होगा। संत सम्मेलन में देश के संस्कार संस्कृति से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। विशाल संत सम्मेलन में महामंडलेश्वर महंत, त्यागी, तपस्वी सहित सभी संत भाग लेंगे। इस अवसर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन भी रखा गया है। इसके पोस्टर का विमोचन ऋषिकुल धाम सेवा संस्थान, ट्रस्ट के तत्वावधान में महामंडलेश्वर स्वामी शिव स्वरूप महाराज के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर आनंद सरस्वती ट्रस्ट कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह पंवार, ट्रस्ट सचिव समरप्रकाश सोनी, ट्रस्टी भूपत भाई सोनी अहमदाबाद, महिला मंडल संरक्षक चांद कौर, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता शेखावत, उपाध्यक्ष मंजू सखी, अमृता सोनी, माया दहिया, लता त्रिपाठी, सर्वेश त्रिपाठी एवं विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा मित्र के आवेदन 10 तक

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के बीच सड़क सुरक्षा जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी अक्षय बिश्नोई ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी देने, दुर्घटना में घायलों को आवश्यक सहायता पहुंचाने तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति से समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों में आमजन को जागरूक करवाने जैसे कार्य कराए जाएंगे। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार बाड़मेर जिले से इसके लिए 20 युवाओं का चयन किया जाएगा। जिसमें से 5 तकनीकी अध्ययन के लिए सिविल अभियांत्रिकी के छात्र होंगे। जबकि 15 अन्य योग्य युवाओं को चुना जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवंबर 2025 है।

### नकली घी प्रकरण में संचालक पर केस

**जोधपुर**, (कासं) । शहर की मंडोर मंडी में दो दिन पहले पुलिस ने नकली घी के संदेह में एक दुकान पर रेड दी थी। दुकान से नामी कंपनी के ब्रांड का नकली घी तैयार किया जा रहा था। पुलिस ने आरंभिक पड़ताल में नकली मानकर संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामला आईपीएस की तरफ से दर्ज कराया गया है। महामंदिर पुलिस के अनुसार दो दिन पहले मंडोर मंडी में एस-11 ब्लॉक में एक दुकान पर नकली घी के संदेह में रेड दी गई। दुकान में पाम ऑयल मिक्स कर क्षीर नाम के ब्रांड से ठाहकों को बेचा जा रहा था। दुकान से पुलिस ने भारी मात्रा में ढक्कन, पैकिंग मशीन आदि जब्त किए थे। दुकानदार बिराई बालेसर निवासी सुनील पुत्र धनराज राठी के खिलाफ आईपीएस एवं एसीपी पूर्व प्रतीक सिंह की तरफ से महामंदिर थाने में अब रिपोर्ट दी गई है।

### शैलसा भोमियाजी के नाम भजन आज

**बालोतरा**, (निसं)। शहर के रणवीर चौक गांधीपुरा में मंगलवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक शाम शैलसा भोमियाजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्य म कमेटी के अध्यक्ष जबरसिंह सोढा ने बताया कि यह आयोजन हर साल की तरह इस वर्ष भी रणवीर चौक गांधीपुरा में किया जाएगा।

# एसआईआर राज्य की सुरक्षा व समृद्धि की दिशा में ठोस कदम- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने जयपुर में प्रदेश स्तरीय मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला को संबोधित किया

जयपुर, 3 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की शुरुआत राजस्थान सहित 12 राज्यों में की जा रही है। यह विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण हमारे राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सर्वे नहीं है बल्कि राज्य की सुरक्षा, समृद्धि और पारदर्शिता की दिशा में उठाया गया एक ठोस कदम है।

शर्मा सोमवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आयोजित प्रदेश स्तरीय मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सर्वे से प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सटीक और पारदर्शी रिकॉर्ड मिलेगा। साथ ही, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थी को मिल सकेगा। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी दल इस जनहित के अभियान का विरोध कर रहे हैं। ये लोग बाहरी घुसपैठियों को यहां बसाना चाहते हैं ताकि उनका वोट बैंक मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अवैध निवासियों को संरक्षण देना चाहती है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है।

■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन से पुनरीक्षण अभियान में पूरा सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आमजन अपने सभी दस्तावेज़ पूर्ण रखें।

मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पूरा सहयोग करें। किसी के बहकावे में ना आये और अपने सभी दस्तावेज पूर्ण रखें।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, सांसद और केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, दिल्ली से एडवोकेट संकेत गुप्ता मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने हरमाड़ा सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक जताया

जयपुर, 3 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर के हरमाड़ा स्थित लोहामंडी क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

शर्मा ने चिकित्सकों एवं अधिकारियों को प्रभावितों को त्वरित राहत और उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है।

■ उन्होंने कहा कि दुःख की घड़ी में राज्य सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है।

उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। शर्मा ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी हैं तथा सरकार उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाएगी।

# तेलंगाना : टिपर ट्रक व बस की टक्कर में 20 की मौत

## गलत दिशा से आ रहा टिपर ट्रक आमने-सामने बस से टकराया

हैदराबाद, 03 नवंबर। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार को एक टिपर ट्रक और सरकारी बस के बीच हुई टक्कर में 20 लोगों की मौत हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में ट्रक का मलबा बस पर गिरने से दोनों वाहनों के दोनों ड्राइवरों समेत कई यात्रियों ने वहीं दम तोड़ दिया।

मरने वालों में 13 महिलाएं और दस माह की एक बच्ची शामिल हैं, जबकि 22 अन्य घायल हैं। यह हादसा चेवेला मंडल के खनापुर गेट के पास उस समय हुआ, जब टीजीएसआरटीसी की बस और एक टिपर ट्रक आमने-सामने टकरा गए। पुलिस के मुताबिक, हादसा सुबह के समय हुआ, जब टिपर गलत दिशा से आ रहा था और बस से जा भिड़ा। हादसे में बस की परिचालक राधा ने बताया कि घटना के समय बस में 72 यात्री सवार थे।

पुलिस के मुताबिक, चेवेला के पास एक टिपर ट्रक, जो ग्रेवल (बजरी) से भरा हुआ था, ने राज्य परिवहन निगम की बस को सामने से टक्कर मार दी।

■ टिपर में बजरी भरी थी। जबरदस्त टक्कर से ट्रक का माल बस पर जा गिरा। बस के आधे हिस्से में मलबा भर गया और यात्री अंदर फंस गए।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का माल बस पर जा गिरा। अधिकारियों ने बस के मलबे को साफ कर यात्रियों को बाहर निकालने के लिए तीन जेसीबी मशीनें तैनात की। बस का आधा हिस्सा मलबे से भरा था, जिससे यात्री अंदर फंस गए थे। बचाव दल को शवों को निकालने के लिए बस को काटना पड़ा। फंसे यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। पुलिस ने बताया कि हादसे की प्राथमिक वजह ट्रक चालक का गलत दिशा में वाहन चलाना लग रही है। फिलहाल चालक की पहचान की जा रही है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

तेलंगाना सड़क हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में हुए हादसे में जान गंवाने वालों की मृत्यु अत्यंत दुखद है।

पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, सीएम ने अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने और राहत व बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

## मोदी के पटना के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भाजपा को नीतीश कुमार की जरूरत नहीं है, बल्कि उन्हें "नीतीश कुमार के वोट बैंक की जरूरत है।"

राजद सांसद संजय यादव ने मीडिया से कहा, "संदेश साफ है, 14 नवम्बर के बाद मुख्यमंत्री एनडीए नेताओं के बीच सार्वजनिक रूप से दिखाई तक नहीं देंगे।"

सोमवार को सहरसा जिले के सोनबरसा की एक चुनावी सभा में कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, "हर फैसला दिल्ली से लिया जाता है। अगर आपके मुख्यमंत्री की बात ही नहीं सुनी जाती, तो आपकी समस्याएँ कैसे सुनी जाएँगी?"

तथापि, भाजपा के नजदीकी सूत्रों ने कहा कि नीतीश कुमार का चुनावी कार्यक्रम पहले से तय था कि 2 नवम्बर की रात को वे पटना नहीं लौट पायेंगे। इसके बजाय वे अगले दिन मधेपुरा से अपना चुनाव प्रचार जारी रखेंगे।

जदयू ने किसी भी तरह के मतभेद से इनकार किया है और कहा है कि मुख्यमंत्री एनडीए के अभियान के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। पार्टी नेताओं ने बताया कि नीतीश कुमार पहले भी प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा कर चुके हैं और आने वाली रैलियों में भी करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पटना रोड शो में उनकी अनुपस्थिति पूरी तरह से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम संबंधी समस्या के कारण है, न कि किसी राजनीतिक मतभेद की वजह से।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, "नीतीश कुमार के अपने कुछ अन्य कार्यक्रम थे, लेकिन लल्लन सिंह जदयू का प्रतिनिधित्व करने के लिए मौजूद थे।"

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मीडिया से कहा, "ऐसे दावे सिर्फ, (विपक्ष की) कल्पना और दिवा स्वप्न हैं। सरकार एनडीए ही बनाएगी और नीतीश कुमार एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे।"

भाजपा नेता और गायक-अभिनेता पवन सिंह ने कहा, "लोग बातें बनाते रहेंगे, लेकिन हमारा एनडीए परिवार विकास के रास्ते पर है। हम जो कहते हैं, वह करते हैं। पिछले पंद्रह वर्षों में बिहार की प्रगति "तब और अब" के विकास के अन्तर को साफ दर्शा रही है।"

बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में हो रहे हैं। 6 नवम्बर और 11 नवम्बर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 14 नवम्बर को होगी।

# प्रदूषण की स्थिति बिगड़ने से पहले तैयारी करें - सुप्रीम कोर्ट

## दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण में सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया

नई दिल्ली, 03 नवंबर। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से हलफनामा मांगा है। अदालत ने आयोग से पूछा कि अब तक प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं।?

मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि अधिकारी सिर्फ स्थिति बिगड़ने पर कदम न उठाएं, बल्कि पहले से ही तैयारी करें ताकि हालात गंभीर न हों। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह, जो अदालत की एमिकस क्यूरी के रूप में सहायता कर रही हैं, ने कहा कि दीवाली के दौरान दिल्ली के कई एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन काम ही नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 37 में से सिर्फ नौ स्टेशन ही लगातार सक्रिय थे। सिंह ने कहा कि अगर मॉनिटरिंग स्टेशन सही तरह से काम नहीं करेंगे, तो यह तय करना ही मुश्किल होगा कि कब 'ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान' यानी ग्रैप लागू करना है।

■ वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने कहा कि दीवाली पर दिल्ली में 37 क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन में से केवल नौ स्टेशन लगातार सक्रिय थे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आयोग को यह स्पष्ट करना होगा कि प्रदूषण को गंभीर स्तर तक पहुंचने से रोकने के लिए उसने कौन से कदम उठाए हैं। अदालत ने आदेश दिया कि सीएक्यूएम एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करे जिसमें पहले से की जा रही और प्रस्तावित कार्रवाइयों का विवरण दिया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि एजेंसियों को सिर्फ प्रतिक्रिया देने के बजाय पहले से तैयारी करनी होगी।

## छात्रसंघ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वेलफेयर के समक्ष जाना चाहिए था। इसके अलावा, छात्रसंघ चुनाव कराना संवैधानिक रूप से बाध्यकारी नहीं है और न ही इसमें शामिल होना मूलभूत अधिकार है। वहीं, केवल राजस्थान विश्वविद्यालय में चुनाव के लिए ही याचिका पेश हुई है। अन्य किसी भी विवि में छात्रसंघ चुनाव को लेकर याचिका पेश नहीं हुई है। इसके अलावा, सेमेस्टर शुरू हुए लंबा समय हो गया है। इसलिए अब चुनाव नहीं कराया जा सकता।

## अगस्त ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एनिमल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट के साथ समझौता कर जीआईएस आधारित 2 बार-गणना व नसबंदी कार्यक्रम को लागू किया। वहीं शिकायत दर्ज कराने के लिए भी हेल्पलाइन नंबर आरंभ किया गया है।

## विधानसभा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जताई। उन्होंने देवनानी की पत्नी की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने देवनानी को इस दौरान ढांढस स बंधाया।

# नेपाल में बर्फ का पहाड़ गिरने से 7 पर्वतारोहियों की मौत

## मृतकों में 3 अमेरिकी, 1कनाडाई, 1 इतालवी व 2 नेपाली नागरिक हैं

काठमांडू, 03 नवंबर। नेपाल के डोलखा जिले में सोमवार को दर्दनाक हादसा हुआ, जब उत्तर-पूर्वी नेपाल की यालुंग री पर्वत चोटी पर भारी हिमस्खलन हुआ। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 7 पर्वतारोहियों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 4 लोग घायल हुए हैं और 4 पर्वतारोही अभी लापता बताए जा रहे हैं।

मृतकों में 3 अमेरिकी, 1 कनाडाई, 1 इतालवी और 2 नेपाली नागरिक शामिल हैं। हादसा बागमती प्रांत के रोलवालिंग वैली क्षेत्र में हुआ, जो नेपाल और चीन की सीमा के करीब स्थित एक दुर्गम पर्वतीय इलाका है।

स्थानीय पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 9 बजे यालुंग री की 5630 मीटर ऊंची चोटी के बेस कैंप के पास अचानक बर्फ का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। उस वक्त 15 लोगों की एक पर्वतारोहण टीम गौरीशंकर और यालुंग री की दिशा में आगे बढ़ रही थी, लेकिन हिमस्खलन की चपेट में आने से कई पर्वतारोही दब गए। स्थानीय वार्ड अध्यक्ष निंगगेली शेरपा ने बताया कि हादसे की सूचना सुबह तुरंत दी गई, लेकिन इलाके के प्रतिबंधित जोन होने की वजह से हेलिकॉप्टर को उड़ान की अनुमति मिलने में देरी हुई। मौसम भी खराब था, जिससे रेस्क्यू टीमों को घटनास्थल तक पहुंचने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

■ प्रातः 9 बजे यालुंग री की 5630 मीटर ऊंची चोटी के बेस कैंप के पास बर्फ के पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूट कर गिरा। पन्द्रह लोगों की पर्वतारोहण टीम इसकी चपेटे में आ गई।

## रूस व चीन के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रधानमंत्री ने शहर की सुंदरता पर एक चीनी कहावत उद्धृत की, जिससे वहां मौजूद चीनी प्रतिनिधि काफी प्रसन्न दिखे। हालांकि पूरे संवाद में यह साफ झलक रहा था कि रूस इस बातचीत में अपेक्षाकृत कनिष्ठ साझेदार की भूमिका निभा रहा है।

यू.एस. डॉलर को हटाने की दिशा में दोनों देशों की कोशिशें पिछले कुछ वर्षों से तेज़ होती जा रही हैं। यह पहल उस समय से मानी जाती है, जब यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यूरोपीय संघ ने रूस की विदेशी डॉलर जमा संपत्तियों को जब्त करने की धमकी दी थी। तभी से रूस और चीन ने मिलकर इस विचार को बहुपक्षीय स्तर पर आगे बढ़ाना शुरू किया।

इस साल की शुरुआत में, चीन के तत्वावधान में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में दोनों देशों ने सदस्य देशों के बीच होने वाले व्यापार से डॉलर को हटाने के लिए ठोस कदम सुझाए थे। बाद में इसे ब्रिक्स देशों तक बढ़ाने की भी योजना थी। लेकिन ट्रंप की नई शुल्क धमकियों के कारण अधिकांश देश इस पहल से पीछे ? हट गए।

भारत ने भी इस प्रस्ताव को लेकर हिचकिचाहट दिखाई, क्योंकि डॉलर से दूरी बनाने पर चीनी मुद्रा रेनमिन्बी का प्रभाव वैश्विक स्तर पर बढ़ सकता था, जो भारतीय रुपये के लिए नुकसानदेह होता। किसी भी देश की मुद्रा अगर वैश्विक आरक्षित मुद्रा बनती है, तो उसे न केवल आर्थिक, बल्कि प्रतिष्ठा का भी लाभ मिलता है।

चीन लंबे समय से अपनी मुद्रा को मजबूत वैश्विक भूमिका दिलाने की कोशिश कर रहा है। उसने अपनी मुद्रा को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की मुद्रा टोकरी में शामिल कराने की भी पहल की थी। लेकिन चीनी केन्द्रीय बैंक द्वारा विनिमय दर में बाज़ार में हेर-फेर के कारण ऐसा नहीं हो पाया।

इसके अलावा, किसी मुद्रा को वैश्विक आरक्षित मुद्रा बनने के लिए पूंजी खाते की पूरी स्वतंत्रता (फुल कन्वर्टिबिलिटी) देनी होती है, जबकि चीन अपने मुद्रा प्रवाह पर कड़े नियंत्रण रखता है। इसीलिए रेनमिन्बी अभी तक उस स्थिति में नहीं है कि वह डॉलर की जगह ले सके या विश्व की मुख्य आरक्षित मुद्रा बन सके।

## कांग्रेस दिल्ली में मास्क बांटेगी

नयी दिल्ली, 03 नवंबर। दिल्ली के प्रदूषण पर राहुल गांधी ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पर लिखा "साल दर साल दिल्ली की हवा ज़हरीली होती जा रही है, लेकिन भाजपा सरकारें बस बहाने बनाती हैं। अब तो केंद्र और दिल्ली - दोनों जगह उनकी ही सरकार है। अब बहाने नहीं, जनता को साफ़ हवा चाहिए।"इस बीच दिल्ली कांग्रेस द्वारा भी दिल्लीवासियों को प्रदूषण से बचाने के लिए मास्क देने की पहल की घोषणा की गई है। यह कदम प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी के बयान के बाद उठाया गया है। दिल्ली कांग्रेस 4 नवंबर को सभी 70 विधानसभा में मास्क का वितरण करेगी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देशानुसार दिल्ली के सभी 14 जिलों की 70 विधानसभाओं में मास्क वितरण किया जाएगा।

■ दिल्ली के बढ़ते प्रदूषण पर प्रियंका तथा राहुल गांधी के बयान के बीच दिल्ली कांग्रेस ने यह निर्णय लिया।

## सभी राजनीतिक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बेगूसराय में मछुआरों से मुलाकात के दौरान तालाब में उतरकर उनसे बातचीत की थी, जो चर्चा का विषय बन गया।

प्रचार अभियान समाप्ति के एक दिन पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीतामढ़ी और शिवहर में रैलियां कीं और कहा कि केन्द्र सरकार बिहार की बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "इसी उद्देश्य से कोसी-मेची परियोजना की शुरुआत की गई है।"

भाजपा के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बिहार में प्रचार किया। हालांकि उन्होंने इस बार अपने भाषणों में सांप्रदायिक मुद्दों को तूल नहीं दिया, बल्कि महागठबंधन सरकार के शासन के दौरान कानून-व्यवस्था के खराब रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए, कांग्रेस और राजद पर निशाना साधा।

सहरसा में कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी ने एनडीए सरकार पर "संविधान को कमजोर करने" का आरोप लगाया, जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वैशाली की रैली में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछा कि उन्होंने अपने क्रमशः 11 और 20 वर्षों के कार्यकाल में कितनी नौकरियां दीं। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पटना में रोड शो निकाला तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी महागठबंधन के समर्थन में प्रचार किया।

## जयपुर में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस भीषण हादसे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, डिप्टी सीएम दीया कुमारी, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, गजेन्द्र सिंह शेखावत, हनुमान बेनीवाल सहित कई नेताओं ने दुःख जताया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

## जयपुर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करेंगे। वहीं, अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोज शर्मा इस संबंध में आवासन मंडल के जिम्मेदार अफसर का शपथ पत्र दाखिल करेंगे और आगामी सुनवाई पर संबंधित अधिकारी भी अदालत में उपस्थित रहेंगे।

## ईडी ने अनिल अंबानी का पाली हिल का मकान कुर्क किया

नयी दिल्ली, 03 नवंबर (वार्ता) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में रिलायंस अनिल अंबानी समूह की 40 से ज़्यादा संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। इसमें इस उद्योगपति का मुंबई के पाली हिल इलाके में बना मशहूर आवास भी शामिल है तथा ज़ब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 3,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

ईडी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि इसके अलावा, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई, कांचीपुरम और पूर्वी गोदावरी स्थित संपत्तियों को भी कुर्क किया गया है। ज़ब्त की गई इन संपत्तियों में कार्यालय स्थल, आवासीय इकाइयाँ और ज़मीन का शामिल हैं। इनका कुल मूल्य लगभग 3,084 करोड़ रुपये आंका गया है।

■ देश भर में जब्त की गई संपत्तियों का मूल्य 3000 करोड़ रु. से अधिक है।

यह मामला समूह की दो कंपनियों रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) द्वारा आम लोगों से जुटाए धन की कथित हेराफेरी और शोधन से जुड़ा है।

ईडी की जांच में पाया गया कि 2017 और 2019 के बीच, यस बैंक ने इन कंपनियों में लगभग 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया। ये निवेश बाद में गैर-निष्पादित हो गए, जिससे 3,300 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया रह गया।

## अफगानिस्तान में भूकंप से 20 की मौत

काबुल, 3 नवंबर। अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में मजार-ए-शरीफ के समीप खुल्म में रविवार की रात शक्तिशाली भूकंप से 20 लोगों की मौत हो गयी और 320 से अधिक लोग घायल हो गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार कल रात लगभग 12:59 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.3 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र उत्तरी शहर मजार-ए-शरीफ के पास खुल्म से लगभग 22 किलोमीटर (14 मील) पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में रहा। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि मजार-ए-शरीफ और आसपास के इलाकों के अस्पतालों में सैकड़ों घायल लोगों को भर्ती कराया गया है।

# सौ साल पुराने 1300 रेलवे स्टेशनों का पुर्ननिर्माण हो रहा है

नयी दिल्ली/अहमदाबाद, 03 नवंबर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को बताया कि देशभर के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का पुनर्निर्माण और नवनिर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के बहुत सारे स्टेशन 100 या 150 साल पुराने हैं, ऐसे में भविष्य में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, इन स्टेशनों का पुनर्निर्माण और नवनिर्माण किया जा रहा है।

वैष्णव ने यह बात अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर जारी पुनर्विकास कार्यों के निरीक्षण और हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) परियोजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान मीडिया से कही।

वैष्णव ने मीडिया को बताया कि भारत में यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए देशभर में स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है। वर्तमान में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है, जिनमें अहमदाबाद स्टेशन एक प्रमुख स्टेशन है। उन्होंने बताया कि अहमदाबाद स्टेशन पर 16 मंज़िला आधुनिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। रेल मंत्री ने कहा कि अहमदाबाद में हाई स्पीड बुलेट ट्रेन का स्टेशन करीब करीब बनकर तैयार हो गया है। इसके साथ ही अहमदाबाद के पुराने स्टेशन और बुलेट ट्रेन स्टेशन को जोड़ दिया जायेगा।

■ रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान रखते हुए यह किया जा रहा है।

वैष्णव ने कहा कि देशभर में करीब 20 शहर ऐसे हैं जहां अधिक यात्रियों के चलते ट्रेनों की बहुत अधिक मांग रहती है। ऐसे शहरों में मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरू, हैदराबाद, पटना, लखनऊ है, इसके साथ ही अहमदाबाद और सूरत से भी अधिक ट्रेनों की मांग अधिक है। इस मांग को देखते हुये रेल विभाग ने 20 शहरों में क्षमता को दोगुना करने का काम हाथ में लिया है। वैषणव ने कहा कि इस बढ़ ती डिमांड को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की परिचालन क्षमता बढ़ ाने हेतु अहमदाबाद के वटवा में एक मेगा टर्मिनल विकसित किया जाएगा, जिसमें 10 पिट लाइनों का निर्माण होगा।

## सैन फ्रांसिस्को से आ रही एयर इंडिया फ्लाइट मंगोलिया में उतरी

नयी दिल्ली, 03 नवंबर। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के एक विमान को तकनीकी खराबी के बाद मंगोलिया में लैंड कराया गया।

विमान ने रविवार को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से उड़ान भरी थी। उसे कोलकाता के रास्ते दिल्ली आना था।

एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि उड़ान संख्या एआई 174 के पायलटों ने एक तकनीकी खामी की आशंका के मद्देनजर सतर्कता बरतते हुए विमान को मंगोलिया के उलान-बटोर हवाई अड्डे पर लैंड कराने का फैसला किया। विमान की उलान-बटोर में सुरक्षित लैंडिग हुई। फिलहाल विमान की जरूरी जांच की जा रही है।

# एसआईआर के खिलाफ डीएमके सुप्रीम कोर्ट पहुंची

नई दिल्ली, 03 नवंबर। चुनाव आयोग के खिलाफ तमिलनाडु मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कझगम (डीएमके) ने मोर्चा खोल दिया। तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले स्टालिन की पार्टी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। डीएमके ने याचिका में मतदाता सूची के प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रद्द करने की मांग की है। साथ ही कहा कि एसआईआर से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव बाधित हो सकते हैं। एमके स्टालिन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

स्टालिन ने पोस्ट में लिखा, सभी दलों का यह कर्तव्य है कि वे एकजुट हों और इसे किसी भी हालत में लागू नहीं होने दें। सभी दल एकजुट होकर एसआईआर के खिलाफ आवाज उठाएं। उन्होंने आगे लिखा, आज एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इसे किसी भी हालत में राज्य में लागू नहीं होने दिया जाएगा। चुनाव आयोग के मताधिकार छीनने वाले हथकंडे को कभी भी कामयाब नहीं होने देंगे।

■ डीएमके सांसद व वरिष्ठ अधिवक्ता एन आर एलंगो के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर

द्रविड़ मुनेत्र कझगम (डीएमके) पार्टी सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता एनआर एलंगो के माध्यम से अदालत में याचिका दायर की गई है। स्टालिन ने कहा, हमने आज की सर्वदलीय बैठक में सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने का प्रस्ताव पारित किया है। वहीं बैठक में भाग न लेने वाले दलों से भी अपने-अपने दलों में इस कदम पर चर्चा करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा, 'मैं उन 49 दलों के नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने सर्वदलीय बैठक में भाग लिया और अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं। मैं उन सभी से अनुरोध करता हूं जिन्होंने इस बैठक में भाग नहीं लिया, कि वे अपने दलों में सर्वदलीय बैठक पर चर्चा करें और लोकतंत्र की रक्षा के लिए पहल करें।'

## चेन्नई हवाई अड्डे पर 2.80 करोड़ रु. का सोना पकड़ा

चेन्नई, 03 नवंबर। तमिलनाडु में हवाई खुफिया इकाई (एआईयू) ने अन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 2.80 करोड़ रुपये के सोने की तस्करी की कोशिश नाकाम कर, मलेशिया के कुआलालंपुर से आए पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में तीन महिलाएं शामिल हैं और ये सभी एक ही उड़ान में यात्रा कर रहे थे।

आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, एआईयू अधिकारियों ने प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर कुआलालंपुर से आयी एक महिला यात्री को रोका। जांच करने पर उसके पास से 24 कैरेट शुद्धता की पांच कटी हुई सोने की छड़ें, जिन पर विदेशी चिह्न लगा था, बरामद की गयीं। इन छड़ों का वजन 2,460 ग्राम और कीमत 2.80 करोड़ रुपये आंकी गई थी।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908